दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा शुक्रवार 28 फरवरी 2025 ● वर्ष : 03 अंक : 541



## संक्षिप्त खबरें ।

### सूरत में 24 घंटे से लगी है भीषण आग, तबाह हो गया टेक्सटाइल मार्केट, 500 करोड़ से अधिक स्वाहा



**लोक तंत्र की आवाज़**

**सूरत।** गुजरात के औद्योगिक शहर सूरत में भीषण आग लगी है. 24 घंटा बीत जाने के बाद भी सूरत के टेक्सटाइल मार्केट में लगी इस आग पर काबू नहीं पाया जा सका है. इस कारण 500 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान है. 800 से अधिक दुकानें जलकर खाक हो गई हैं. 35 से ज्यादा फायरफाइटर्स आग बुझाने की कोशिश कर रहे हैं. लाखों लीटर पानी डालने के बावजूद आग नहीं बुझ पाई है. सूरत, बारडोली और नवसारी से फायर टीमें मौके पर मौजूद हैं। आग का खौफनाक मंजर देर रात सामने आया. ड्रोन कैमरों ने आग की भयंकर लपटों को कैद किया. व्यापारियों से आज बाजार क्षेत्र में न जाने की अपील की गई है. मेयर और अन्य अधिकारी रात 3 बजे तक मौके पर मौजूद थे. कुल नुकसान 500 करोड़ रुपये से अधिक होने की संभावना है।

मार्केट में 850 से ज्यादा दुकानें जलकर राख हो गई हैं. अपनी दुकानें जलते देख व्यापारी आंसू बहाते नजर आए. बुधवार सुबह करीब 7 बजे मार्केट में आग भड़की थी. मुख्य फायर अधिकारी बसंत कुमार पारिख ने कहा कि अंदर का तापमान बहुत ज्यादा है. क्योंकि वहां बहुत सारा सामान रखा हुआ था. हमें बुधवार सुबह 8 बजे के आसपास पहली कॉल मिली थी. हमें इमारत की संरचना की स्थिरता के बारे में यकीन नहीं है. हम हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म का उपयोग कर बाहर से आग बुझाने की कोशिश कर रहे हैं. लगभग 50% दुकानों में आग लग चुकी है। सूरत एक बड़ा औद्योगिक शहर है। इस आग ने इनकी रोजीरोटी पर गहरा चोट किया है. आग की वजह से कारोबारियों के साथ-साथ मजदूरों की भारी नुकसान होगा।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ भाजपा की घेरेबंदी अभी से हो गयी है शुरू

### कुर्मी रैली

1

कुर्मी रैलीः सीएम नीतीश कुमार के खिलाफ भाजपा की घेरेबंदी अभी से हो गयी है शुरू

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** हाल ही में जद(यू) के लोकल नेता से जब इन पंक्तियों के लेखक ने कहा कि यह बड़ा अद्भुत है कि जिस राज्य में जातीय राजनीति चरम पर हो, वहां के 18 साल पुराने मुख्यमंत्री एक ऐसी जाति (कुर्मी) से आते हैं, जो महज 3 फीसदी से भी कम है. इस पर वे तकरीबन गुस्से में बोले कि आपने ऐसे कैसे बोल दिया कि हम 3 फीसदी है, हम 12 फीसदी है. बाकायदा वे कुर्मी जाति की उपजातियों का विश्लेषण भी करने लगे. अर्थात, बिहार का अजातीय चक्रव्यूह ऐसा है, जिसे कोइ कास्ट सर्वे, कास्ट सेन्सस और राजनीतिक विश्लेषक न ठीक से समझ सकता है, न समझा सकता है. आइये, इसी नजरिये से हम हाल ही के कुर्मी रैली (भाजपा विधायक द्वारा आहूत) को समझाने की कोशिश करते है कि आखिर यह नीतीश कुमार की घेरेबंदी के लिए थी या निशांत कुमार की एंट्री को ग्रांड बनाने की कोई कोशिश. हां, ध्यान रखना होगा कि उक्त रैली में काफी बुलाए जाने पर भी नीतीश कुमार नहीं पहुंचे थे।



**भूमि सेना के बारे में सुना है?** : बिहार में जातीय सेनाओं के नाम पर अक्सर लोग रणवीर सेना या कुंअर सेना का नाम ही कोट करते हैं. लेकिन, आपको जानना चाहिए की 80 के पूरे दशक के दौरान, बिहार में एक और सेना काम कर रही थी, जिसका नाम भूमि सेना है और ये मुख्यतः कुर्मी जाति के लोगों द्वारा बनाई गयी सेना थी. बात की शुरुआत इस तथ्य से इसलिए, ताकि हम समझ सके कि कुर्मी जाति जैसे भूमिहारों की तरह ही आबादी में भले कम हो, लेकिन लैंड होल्डिंग और प्रति व्यक्ति आय के मामले में अन्य पिछड़ी जातियों से कहीं आगे है (कुशवाहा समेत). 21वीं सदी में लैंड (जमीन) से बड़ा कोई रिसोर्स नहीं है और इस पर कुर्मी जाति का अच्छा-खासा असर है. फिर भाजपा विधायक और कुर्मी रैली के आयोजक मंटू सिंह यह क्यों कहते नजर आएं कि कुर्मी जाति कई उपजातियों में बंटी हुई है और जब तक कुर्मी जाति की तमाम उपजाति एकजुट नहीं हो जाती है, उन्हें उनका वाजिब हक नहीं मिल सकता है और यह रैली कुर्मी जाति की उपजातियों को एकजुट रखने के लिए हो रही है. तो, सबसे बड़ा सवाल यही है कि भूमि, प्रति व्यक्ति आय में आगे रहने वाली जाति, 18 साल से एक मुख्यमंत्री देने वाली जाति आखिर अब कौन सा बाजिव हक़ मांग रही है?

**घेरेबंदी की शुरुआत!** : यह रैली असल में, मेरे हिसाब से, भाजपा द्वारा नीतीश कुमार की घेरेबंदी के अलावा कुछ नहीं है. इसलिए, कि इस वक्त नीतीश कुमार प्रगति यात्रा पर है, यह चर्चा आम है कि उनकी तबीयत इन दिनों नासाज रहती है और निशांत कुमार की एंट्री लगभग तय है. जैसा कि मैंने पहले भी लिखा है की निशांत कुमार के जद(यू) ज्वाइन करने से सर्वाधिक नुकसान उस भाजपाई कंधे को होगा, जो पिछले 18 साल से नीतीश कुमार की पालकी इस आस में उठाए जा रहा है कि नीतीश कुमार जैसे बफर एजेंट के हटते ही बिहार की राजनीति द्वी-ध्रुवीय हो जाएगी और भाजपा फिर अकेले दम पर सत्ता में आ जाएगी. इसके लिए बाकायदा कई सालों से तैयारी भी चल रही थी. आरसीपी सिंह हो, उपेन्द्र कुशवाहा हो, प्रशांत किशोर हो, संजय झा हो, ये सारे लोग जद(यू) में यूं ही नहीं थे/हैं और यूं ही नहीं निकाले गए/निकल गए या अब तक बने हुए हैं।

चिराग पासवान जैसे हनुमान (पावन भगवान का नाम भी नहीं छोड़ते ये राजनीतिक दल) से ले कर स्लीपिंग मोड में रह कर दूर से ही खबरें बताने वाले संजय दृष्टि वाले लोग इस भाजपाई उम्मीद के वाहक थे।

### नीतीश के तीर!

जद(यू) के मुखिया नीतीश कुमार अपने "तीर" को अब किस दिशा में उडाएंगे, कोई नही जानता. लेकिन, इतना तो तय है कि वे अपने जीते-जी अपने हाथों से बनाई पार्टी को डूबते देखना नही चाहेंगे. ऐसे में ताजा कुर्मी रैली में भी नीतीश कुमार नही पहुंचे. यह कहना कि यह एनडीए की रैली थी, मुझे समझ नहीं आता. यह विशुद्ध भाजपाई रैली थी. यह समझना होगा कि यह रैली महज कुर्मी समाज को खींचने के लिए नही थी. यह एक परसेप्शन बनाने के लिए थी।

## लालू-तेजस्वी यादव के सामने कन्हैया कुमार? टूटेगा महागठबंधन, कांग्रेस ने झोंकी ताकत, अकेले लड़ने की संभावना



**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर महागठबंधन के खंड-खंड होने की संभावना प्रबल होती जा रही है। दरअसल, कांग्रेस विधानसभा चुनाव में सम्मानजनक सीट नहीं मिलने पर एकला चलने की रणनीति पर काम करने लगी है। कांग्रेस पार्टी काफी सक्रिय दिखाई दे रही है। चुनाव से पहले कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार एक बार फिर से बेगूसराय पहुंच चुके हैं। बेगूसराय पहुंचते ही कन्हैया कुमार ने महागठबंधन पर ऐसी बात कही है जिससे राजद को सदमा लग सकता है। एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी सह वर्किंग कमेटी के सदस्य युवा कांग्रेस नेता डॉ. कन्हैया कुमार ने कहा कि हो सकता है।

कांग्रेस सभी सीटों पर अकेले भी चुनाव लड़े। अगर कांग्रेस की शर्त राजद नहीं मानेगी, तब कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ सकती है। बता दें कि बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारु ने भी अकेले चुनाव लड़ने के संकेत दिए हैं। इस बीच कन्हैया कुमार ने बेगूसराय जिला के कांग्रेसी नेताओं को भी चुनाव की तैयारी करने को कहा है।

उन्होंने स्थानीय कांग्रेस नेताओं से मिलकर बिहार एवं बेगूसराय की राजनीति पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही बेगूसराय जिला के कांग्रेस की स्थिति से अवगत कराया। इस अवसर पर डॉ. कन्हैया कुमार ने बताया कि जिला कांग्रेस को गांव-गांव और वार्ड तक ले जाने की आवश्यकता है, तभी कांग्रेस अपने दम पर चुनाव में मजबूत प्रदर्शन कर सकती है।

## महाराष्ट्र, दिल्ली में बीजेपी ने कैसे जीता चुनाव? ममता बनर्जी ने कर दिया बड़ी तिकड़म का दावा, ईसी पर गंभीर आरोप

**लोक तंत्र की आवाज़**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं. उससे पहले तृणमूल कांग्रेस की मुखिया और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एक्टिव मोड़ में आ गई हैं. उन्होंने गुरुवार (27 फरवरी) को कोलकाता के नेताजी स्टेडियम में सभी सांसदों और विधायकों से लेकर ब्लॉक लेवल के नेताओं की बैठक बुलाई. इस मीटिंग में उन्होंने दिल्ली और महाराष्ट्र में बीजेपी की जीत पर चुनाव आयोग की कार्यशैली पर आरोप लगाया।

ममता बनर्जी ने कहा, 'दिल्ली और महाराष्ट्र में बीजेपी ने हरियाणा और गुजरात के लोगों के फर्जी वोट बनवाकर चुनाव जीता था.' उन्होंने कार्यकर्ताओं के सामने ऐलान किया कि अगर जरूरत पड़ी तो हम वोटर लिस्ट से फर्जी वोटरों के नाम हटाने की मांग के लिए चुनाव आयोग के कार्यालय के सामने धरना भी देंगे।



**नए ECI की नियुक्ति पर क्या बोलीं ममता बनर्जी?**: इसी बैठक में ममता बनर्जी ने ज्ञानेश कुमार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त करने पर आरोप लगाया कि भाजपा निर्वाचन आयोग को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है. उन्होंने कहा कि जब तक निर्वाचन आयोग निष्पक्ष नहीं होगा, तब तक स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकते।

**अभिषेक बनर्जी ने ममता से मतभेद को किया खारिजः** इस बैठक में टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनका सीएम ममता बनर्जी से किसी तरह का मतभेद नहीं है. उन्होंने कहा कि मैं तृणमूल कांग्रेस का एक निष्ठावान सिपाही हूं और मेरी नेता ममता बनर्जी हैं. भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की अटकलों को खारिज करते हुए अभिषेक ने कहा, 'जो लोग कह रहे हैं कि मैं भाजपा में शामिल हो रहा हूं, वे झूठी अफवाहें फैला रहे हैं।

उन्होंने कहा, 'मैं उन लोगों को जानता हूं जो ऐसी झूठी खबरें फैला रहे हैं. अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले उनके निहित स्वार्थ हैं.' डायमंड हार्बर से सांसद बनर्जी ने यह भी कहा, 'वह पार्टी के भीतर गद्दारों को बेनकाब करते रहेंगे, जैसा कि उन्होंने पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान किया था।

## बिहार बीजेपी में सम्राट चौधरी के नाम का चल रहा सिक्का, आखिर क्या है माजरा? समझे पूरा गणित

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले बुधवार को मंत्रिमंडल में विस्तार किया है. 7 नए विधायकों ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीते सोमवार को हुए बिहार दौरे के बाद अचानक मंत्रिमंडल का विस्तार होने से कई सियासी अटकलें लगने लग गई हैं. क्या बीजेपी और नीतीश कुमार के बीच डील सील हो गई है. लेकिन इन सबके बीच बिहार में अगर किसी नेता की सबसे ज्यादा चल रही है तो उनका नाम है सम्राट चौधरी।

**सम्राट चौधरी ले रहे कई अहम फैसलेः** सम्राट चौधरी एनडीए को जीत दिलाने और बीजेपी को मजबूत करने के लिए कई अहम फैसले ले रहे हैं. जिसकी बदौलत बिहार कैबिनेट में 36 में से 21 पर बीजेपी के विधायक मंत्री है तो जेडीयू के सिर्फ 13, हम के 1 और एक निर्दलीय मंत्री है. यानि बीजेपी और जेडीयू के बीच अब मंत्री पद का गेप 8 सीटों का हो गया है. इस मौजूदा मंत्रिमंडल पर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी की छाप देखी जा रही है।



**बीजेपी बिहार के सबसे बड़े नेता माने जा रहे सम्राट चौधरीः** डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को ही इस समय बिहार बीजेपी का सबसे बड़ा नेता माना जा रहा है. सोमवार को भागलपुर के सर्किट हाउस का एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें सम्राट चौधरी ही बिहार बीजेपी के नेताओं को निर्देश देते दिख रहे थे.

वहीं जिन विधायकों को अब मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है वो ज्यादातर विधायक सम्राट चौधरी कैंप के ही हैं. सूत्रों की मानें तो मंत्री पद की रेस में केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय के करीबी अवधेश पटेल का नाम चल रहा था लेकिन उनकी जगह कुर्मी जाति के कृष्ण कुमार मंटू को मंत्री बनाया गया है। नए मंत्रियों में शामिल विजय मंडल, मोती लाल प्रसाद, कृष्ण कुमार मंटू को भले भी जाति और क्षेत्रीय समीकरण को देखते हुए बनाया गया है.

## 'महाकुंभ तो कब का समाप्त हो चुका, ये तो सरकारी कुंभ है'

**लोक तंत्र की आवाज़**

**प्रयागराज।** संगमनगरी प्रयागराज में 13 जनवरी को शुरू हुआ भव्य महाकुंभ अब समाप्त हो चुका है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि स्नान के साथ इस ऐतिहासिक आयोजन ने अपनी पूर्णाहुति ली। इस दौरान 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पावन त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। इस विशाल आयोजन को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे विश्व इतिहास में अभूतपूर्व और अविस्मरणीय बताया।

हालांकि, इस पावन आयोजन के बीच विवाद भी उठा। ज्योतिर्मठ पीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने महाकुंभ को 'सरकारी कुंभ' करार दिया। उन्होंने कहा कि असली कुंभ माघ पूर्णिमा को ही समाप्त हो चुका था। उनके अनुसार कुंभ माघ महीने में ही पूरा होता है, और पूर्णिमा के दिन सभी कल्पवासी प्रयागराज छोड़कर चले गए थे। इसके बाद जो आयोजन हुआ, उसे उन्होंने सरकारी आयोजन बताया। उल्लेखनीय है कि शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के बयान अक्सर विवादों में रहते हैं। वे भाजपा सरकारों की आलोचना के लिए सुर्खियों में बने रहते हैं।

हाल ही में उन्होंने महाराष्ट्र के राजनीतिक संकट के दौरान उद्धव ठाकरे का समर्थन किया था और कहा था कि जब तक उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री पद पर वापस नहीं आते, तब तक न्याय नहीं होगा। इससे पहले राहुल गांधी द्वारा संसद में दिए गए 'हिंदू हिंसक' बयान पर भी अविमुक्तेश्वरानंद ने समर्थन जताया था और कहा था कि राहुल ने कुछ गलत नहीं कहा। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भी उन्होंने सवाल उठाए थे और सरकार पर निशाना साधा था। इसके अलावा, उन्होंने उत्तराखंड सरकार और केदारनाथ मंदिर प्रशासन पर सोना बेचने का गंभीर आरोप लगाया था। इस आरोप पर केदारनाथ मंदिर प्रबंधन ने उन्हें कोर्ट में चुनौती दी थी और सबूत पेश करने को कहा था, लेकिन शंकराचार्य इस चुनौती को स्वीकार नहीं कर पाए।

### ऐसा क्यों बोले शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ?



इन विवादों के बीच एक महत्वपूर्ण सवाल भी खड़ा होता है। कई संत समाज और धार्मिक गुरुओं ने महाकुंभ को लेकर ऐसा बयान नहीं दिया है, जैसा अविमुक्तेश्वरानंद ने दिया है। देशभर से आए साधु-संतों, सन्यासियों और मठ गुरुओं ने इस आयोजन की भव्यता और इसकी आध्यात्मिक महत्ता को सराहा है। यह भी गौर करने वाली बात है कि अविमुक्तेश्वरानंद की शंकराचार्य पद को लेकर भी विवाद है। कई संतों का आरोप है कि उन्हें गुरु द्वारा शंकराचार्य घोषित नहीं किया गया था, बल्कि उन्होंने खुद को इस पद पर घोषित किया। 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड में ज्योतिष पीठ के नए शंकराचार्य के रूप में उनके अभिषेक पर रोक लगा दी थी, और यह मामला अभी भी अदालत में लंबित है। महाकुंभ के इस भव्य आयोजन के बीच अविमुक्तेश्वरानंद का यह बयान कितना तर्कसंगत है, यह तो आने वाले दिनों में संत समाज की प्रतिक्रिया से स्पष्ट होगा।

## ताइवान की नाकेबंदी या हमले की तैयारी? चीन के भेजे 45 फाइटर जेट और 14 युद्धपोत

**लोक तंत्र की आवाज़**

**ताइपे।** ताइवान ने कहा है कि चीन ने उसके क्षेत्र के आसपास एक बार फिर अपनी सैन्य गतिविधि खतरनाक तरीके से बढ़ा दी है। ताइवानी रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि चीन के 45 विमान और 14 युद्धपोत देखे गए हैं। यह ताइवान के पास चीन की इस साल अब तक की सबसे बड़ी सैन्य मौजूदगी है। चीन के इस कदम के जवाब में ताइपे ने भी सेना उतार दी है। इससे एक टकराव का अंदेशा पैदा हो गया है और क्षेत्र में तनाव है। यह हलचल चीन के लाइव-फायर अभ्यास और ताइवान की ओर से इसके विरोध के बाद हुई है।

मंत्रालय के बयान के अनुसार, बुधवार से गुरुवार सुबह 6 बजे तक 24 घंटे की अवधि में ताइवान के पास चीनी सेना के विमान और जहाज देखे गए। दरअसल ताइवान ने चीन पर बिना किसी पूर्व चेतावनी के अपने दक्षिणी तट से 40 समुद्री मील (74 किलोमीटर) दूर लाइव-फायर अभ्यास करने का आरोप लगाया है। ताइपे ने इसे अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का उल्लंघन बताया है। इसके बाद चीन के 45 फाइटर जेट और 14 युद्धपोत ताइवान के पास पहुंच गए। इससे ये अंदेशा खड़ा हो गया है कि बीजिंग की ये सैन्य कार्रवाई ताइवान की घेराबंदी के प्लान का हिस्सा हो सकता है। इस पर ताइवान ने भी अपनी सेना को अलर्ट करते हुए क्षेत्र में उतार दिया है।



**ताइवान को आक्रामकता दिखाता रहा है चीनः** चीन और ताइवान के बीच विवाद दशकों पुराना है। चीन ताइवान को अपना क्षेत्र कहता है। ताइवान बीजिंग के इन तमाम दावों को खारिज करते हुए खुद को स्वशासित लोकतंत्र मानता है। दूसरी ओर चीनी राष्ट्रपति सैन्य हमले के जरिए ताइवान पर कब्जे की बात कह चुके हैं। हाल के वर्षों में चीन ने ताइवान पर आक्रमकता में बढ़ोत्तरी की है। चीन ने द्वीप के आसपास लड़ाकू विमानों और युद्धपोतों की तैनाती भी बढ़ाई है।

## तेजस्वी और प्रशांत की नीतीश के बेटे ने उड़ा दी धज्जियां, पॉलिटिकल लॉन्चिंग से पहले छा गए निशांत कुमार

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बेटे निशांत आजकल मीडिया में खूब बयान दे रहे हैं। उनके बयानों से लगता है कि पार्टी उनके पॉलिटिकल लॉन्चिंग के लिए तैयार है। वो जिस बेबाकी से सवालों का जवाब दे रहे हैं, उससे यहीं लग रहा है कि निशांत जल्द अपनी सियासी पारी शुरू कर सकते हैं। बुधवार को महाशिवरात्रि के मौके पर उन्होंने एक बार फिर कहा कि उनके पिता नीतीश कुमार अगले 5 साल तक सीएम रहेंगे।

**ठीक हैं नीतीश कुमारः** निशांत से पूछा गया कि तेजस्वी यादव और प्रशांत किशोर आपके पिता को लेकर ये कह रहे हैं कि उनकी सेहत ठीक नहीं है। इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि मेरे पिता 100 फीसद ठीक है। वो जनता के दरबार में जाएंगे फिर जनता तय करेगी कि कौन क्या कर रहा है? वो आराम से 5 साल सीएम रहेंगे। अभी उन्होंने 38 जिलों में प्रगति यात्रा की है। इस दौरान आपको कोई कमी दिखी क्या? विपक्ष द्वारा लगातार ये सवाल उठाये जाने पर कि भाजपा नीतीश कुमार को साइड कर देगी। पीएम मोदी बिहार तो आये हैं लेकिन ये नहीं बोला कि नीतीश कुमार सीएम फेस होंगे। आपका ये बयान कि NDA ये बता दें कि सीएम फेस कौन होगा? जब समय आएगा, उनके नाम की घोषणा कर दी जाएगी।



**गाड़ी खरीदने से डरते थे लोगः** पटना में निशांत के नाम के पोस्टर लगने पर उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि अरे चलिए सब ठीक है। पहले बिहार में लोग गाड़ी खरीदने से डरते थे। आज निजी हॉस्पिटल खुल रहे हैं। 2005 से पहले जंगलराज था लेकिन जनता अब सब जानती है।

## एनडीए सरकार को देना होगा जवाब, तेजस्वी यादव ने उठाए ये 7 मुद्दे, कहा-ना विशेष राज्य का दर्जा और ना

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** बिहार में इस साल विधानसभा होने वाले हैं, उससे पहले राज्य में सियासी बयानबाजी लगातार जारी है। विपक्षी पार्टियां अलग-अलग मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में लगीं है। इसी कड़ी में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी एनडीए सरकार पर लगातार हमलावर हैं। उन्होंने एक बार फिर एक्स पर 7 मुद्दों को उठाते हुए सीएम नीतीश और बीजेपी पर निशाना साधा है।

**2025 में सबका हिसाब होगा, बिहार में बदलाव होगाः** तेजस्वी यादव ने एक्स पर लिखा कि, जिस बिहार को सबसे अधिक आर्थिक मदद और विशेष राज्य के दर्जे की आवश्यकता थी, उसे फिर से भाजपा-एनडीए सरकार ने केंद्रीय बजट में नजरअंदाज कर दिया। क्या भाजपा और उसके सहयोगी दल बिहार की आवाज यूं ही अनसुनी करते रहेंगे? प्रदेश में 20 वर्षों की एनडीए सरकार और केंद्र में 11 वर्षों की एनडीए सरकार को जवाब देना होगा। 2025 में सबका हिसाब होगा, बिहार में बदलाव होगा। तेजस्वी ने उन मुद्दों को उठाया है, जिसे केंद्रीय बजट में नजरअंदाज किया गया है।



### 7 मुद्दों का जिक्र किया

- ना विशेष राज्य का दर्जा!
- ना रोजगार पर चर्चा।
- ना स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार पर खर्चा।
- ना कल-कारखानों और उद्योगों की व्यवस्था।
- ना पलायन रोकने की कोई विस्तृत योजना ।
- ना कोई ट्रेन और निवेश का कोई बड़ा प्रॉजेक्ट।
- ना बाढ़-सूखाड़ के समाधान के लिए विशेष आर्थिक सहायता।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सिरदला: पुलिस ने 100 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक बाइक को किया जब्त



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**
सिरदला नवादा–परना डाबर पुलिस ने क्षेत्र के जगजीवनपुर से बिलासपुर जाने वाली रास्ते बीच नदी से एक बाइक पर लदा 100 लीटर देसी महुआ शराब जब्त किया है ।परना डाबर थाना अध्यक्ष संजय कुमार द्विवेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को देखते ही धधेबाज बाइक व शराब बीच नदी में छोड़कर फरार हो गया। जिसे थाना परिसर लाया गया है ।पुलिस ने शराब अधिनियम के तहत प्राथमिक की दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### महाशिवरात्रि के अवसर पर 24 घंटे का अखंड भजन कीर्तन का किया गया आयोजन



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**
**सिरदला नवादा।** प्रखंड के सांढ़ मंझगावां पंचायत के सोनपुर खौरा गांव के शिव मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर 24 घंटे का अखंड भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। यह आयोजन सोनपुर खौरा गांव के ग्रामीणों के द्वारा किया गया। महाशिवरात्रि के दिन सुबह 11:00 बजे से अखंड शुरू होकर 24 घंटे के बाद दूसरे दिन 11:00 बजे समाप्त किया गया ।यह आयोजन प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि के अवसर पर अखंड भजन कीर्तन का आयोजन किया जाता है। यह आयोजन पिछले 60 वर्षों से लगातार होता जा रहा है। इस अवसर पर हवन पूजन कर, महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर अध्यक्ष धनंजय सिंह, उपाध्यक्ष उमेश सिंह, सचिव उदय सिंह, उपसचिव रामप्रवेश सिंह, अजय सिंह, उमेश सिंह, सतीश सिंह, अभिमन्यु कुमार, पवन सिंह, प्रियांशु कुमार, रामशरण प्रसाद, सेफ्टी सिंह, राहुल कुमार, नीपू कुमार, अवधेश सिंह आदि मौजूद थे।

### कौआकोल में खुला एनआइटीएन लाइब्रेरी, शिक्षाविद व पोस्टमास्टर रामवृक्ष प्रसाद ने किया उद्घाटन



**कौआकोल।** प्रखण्ड के कौआकोल बाजार में बुधवार को एनआइटीएन लाइब्रेरी का उद्घटान किया गया। पोस्टमास्टर व शिक्षाविद रामवृक्ष प्रसाद में फीता काटकर लाइब्रेरी का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस लाइब्रेरी के खुल जाने से ग्रामीण इलाके के बच्चों को एकांत में बैठकर शिक्षा ग्रहण करने में काफी राहत मिलेगी। उन्होंने लाइब्रेरी के संचालक प्रमोद कुमार बर्णवाल उर्फ प्रमोद सर को बधाई देते हुए उनके भविष्य की कामना किया। संचालक प्रमोद सर ने बताया कि ग्रामीण इलाके के बच्चों को ग्रामीण परिवेश में सही से लंबे समय तक बैठ कर पढ़ने की सुविधा नहीं मिल पाती है। ऐसे में स्टूडेंट्स को वैसी लाइब्रेरी की तलाश रहती है,जहां कई घंटे सुकून के साथ बैठकर पढ़ाई की जा सके। जहां कोई डिस्टर्ब करने वाला न हो। ऐसे में उनके लिए यह संस्थान काफी उपयुक्त होगी। उन्होंने बताया कि लाइब्रेरी पूरी तरह से वातानुकूलित एवं वाई–फाई से लैस रहेगी,जहां विद्यार्थी शांत माहौल में घंटों बैठकर पढ़ सकते हैं। मौके पर स्थानीय मुखिया नीभा कुमारी,अजित कुमार चौरिसया,अधिवक्ता गौतम कुमार,शिक्षक अंकित सिंह समेत दर्जनों ग्रामीण व अभिभावक मौजूद थे।

# बाईपास में एनएच-20 के जमीन पर 170 फुटपाथी दुकानों पर बुलडोजर चलाकर हटाया गया अतिक्रमण

**रजौली में नहीं बस स्टैंड,ब्रिज के नीचे अंडरपास में होता है बस का ठहराव**

लोक तंत्र कीआवाज





**रजौली।** थाना क्षेत्र के एनएच-20 पर बाईपास के समीप लगभग 170 फुटपाथी दुकानों पर गुरुवार को बुलडोजर चलवाकर अतिक्रमण हटाया गया।इस दौरान सीओ मो. गुफरान मजहरी,सीआई नन्दन कुमार,फोरलेन मेंटेनेंस का कार्य कर रहे हरदिया हसनपुरा हाइवे प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्टर मैनेजर आरके त्रिपाठी एवं पीटीसी रामुन चौधरी के अलावे सशस्त्र पुलिस बल मौजूद रहे।प्रोजेक्ट मैनेजर ने जानकारी देते हुए कहा कि बीते दो वर्षों से बाईपास एवं आसपास के क्षेत्रों में एनएच की जमीन पर अवैध रूप से फुटपाथी दुकानदार अपने दुकानें लगा रहे थे।इसको लेकर कई बार माइक से प्रचार-प्रसार कर उन्हें हटने को कहा गया।साथ ही कई बार नोटिस भी दिया गया,किंतु लोगों द्वारा दुकानों को हटाया गया।जिसके बाद एनएच पर अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन से गुहार लगाई गई।प्रोजेक्ट मैनेजर ने कहा कि गुरुवार को दोपहर 2 बजे तक स्वतः अपना -अपना दुकान हटाने को कहा गया,जिसके बाद दुकानदार लोग अपना-अपना दुकान खाली कर झुग्गी - झोपडी को छोड़ दिये,जिसे प्रशासन की मौजूदगी में बुलडोजर चलवाकर हटाया गया है।साथ ही यह तर्क भी दिया गया कि सड़क किनारे फुटपाथी दुकानों के समीप लोगों की भीड़ रहने से बड़ी सड़क दुर्घटनाएं घटित हो सकती है।जबकि अवैध बस पड़ाव को लेकर वरीय पदाधिकारी को सूचित किया गया,जल्द ही रजौली में एक बस पड़ाव होगा।

**रजौली में नहीं है कोई बस स्टैंड,अंडरपास के समीप होता है यात्री बसों का पड़ाव :** अनुमंडल मुख्यालय होने बावजूद रजौली में बसों के पड़ाव के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं है।पूर्व की भांति अब भी बसों का ठहराव सड़कों पर किया जाता है।वहीं फोरलेन बनने के बाद बने अंडरपास के समीप भी अधिकांश बसों का ठहराव होते आ रहा है।इन्हीं जगहों के समीप सड़क के किनारे फुटपाथी दुकानें लगी रहती थी,जिससे ऐसा प्रतीत होता था,कि यही बस स्टैंड है।

**फुटपाथी दुकानों से रहती थी चहल-पहल :** रजौली बाईपास में वर्षों से लोग बस स्टैंड समझकर यात्रा कर रहे थे।वहीं फुटपाथी दुकानदारों के कारण बाईपास में चहल पहल बनी रहती थी।फुटपाथी दुकानों से हटाए जाने से बाईपास वीरान हो गया है और यात्रियों को रात्रि में अंधेरे और सुनसान रास्तों का सामना करना पड़ रहा है।

# सड़क लूट मामले में पुलिस ने मोबाइल के साथ दो अपराधी को किया गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र में एक माह पूर्व हुई लूट मामले का पुलिस ने सफल उदभेदन किया है।पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास लूटी गई दो मोबाइल बरामद किया है।इस संबंध में गुरूवार को पकरीबरावां एसडीपीओ महेश चौधरी ने वारिसलीगंज थाना में प्रेसवार्ता का आयोजन कर बताया कि 22 जनवरी 2025 को थाना क्षेत्र के चैनपुरा गांव निवासी संजय सिंह का पुत्र रौशन कुमार से वारिसलीगंज-खराट पथ पर दौलतपुर गांव स्थित पेट्रोल पम्प के पास तीन-चार की संख्या में रहे अपराधियों ने मोबाइल, 15 हजार रूपये तथा सोने का चैन लूट लिया था। इस बाबत पीड़ित के द्वारा प्राप्त आवेदन के आलोक में वारिसलीगंज थाना कांड संख्या-47/25 दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि इस मामले को एसपी ने गंभीरता के साथ लेते हुए पकरीबरावां एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर कार्रवाई का आदेश दिया।टीम में वारिसलीगंज थानाध्यक्ष तथा डीआईयू टीम को शामिल गया था। उन्होंने बताया कि गठित टीम ने सटीक आसूचना संकलन एवं ह्यूमन इंटजेंसी के आधार पर इस लूट कांड में शामिल दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों में जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के दरियापुर शेखपुरवा गांव निवासी स्व भरत यादव का 19 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार तथा योगेन्द्र यादव का 19 वर्षीय पुत्र राजबलभ कुमार शामिल है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से लूटी गई दो मोबाइल बरामद किया गया है। एसडीपीओ श्री चौधरी ने बताया कि गिरफतार सभी अभियुक्तों ने इस घटना में अपनी संलिप्ता को स्वीकार किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया तथा इस घटना में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। मौके पर वारिसलीगंज थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# सड़क हादसे में उप सरपंच के बेटे की मौत बालू लदे ट्रैक्टर ने बाइक में मारी टक्कर



लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में अपसड़ गांव के पास बालू से लदे एक ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई।मृतक की पहचान धीरज कुमार (22) के रूप में हुई है। वह अपसड़ गांव के उप सरपंच रामबरन सिंह का पुत्र था।मृतक घर का सामान लाने बाईक से शाहपुर मोड़ जा रहा था। पीछे से तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक ने जोरदार धक्का मार दिया जिससे घटनास्थल पर मौत हो गयी। चालक फरार होने में सफल रहा।सूचना के आलोक में पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस बावत थाने में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेत्तर कार्रवाई आरंभ की गयी है।

# शेखपुरा बाजार में सरकारी चापाकल नहीं, परेशानी

लोक तंत्र कीआवाज



**नरहट।** प्रखण्ड के शेखपुरा बाजार के हैदर मोड़ में सरकारी चापाकल नही रहने के कारण बाजार आये बाहरी लोगों के समक्ष पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रही है। अभी से ही गर्मी ने दस्तक दे दिया है। शादी विवाह का समय भी आ गया है। इसलिए बाजार में भीड़ बढ़ रही है। पुनौल, गंगटा, सहगजीपुर, रामपुर, नरायनपुर समेत दर्जनों गांव के लोग आवशयक सामान की खरीदारी के लिए शेखपुरा बाजार पहुचते हैं।लेकिन बाजार में चापाकल नही रहने के कारण उनके समक्ष पेयजल की समस्या उतपन्न हो जाती है। शेखपुरा बाजार में सैकड़ों दुकाने है। यहां प्रति दिन हजारों लोग आवश्यक सामान की खरीदारी करने शेखपुरा बाजार पहुचते हैं। किन्ही को प्यास लग जाये तो उनको पानी पीने के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है। शेखपुरा बाजार उतरी क्षेत्र में एक चापाकल लगा हुआ है लेकिन दक्षिणी क्षेत्र हैदर मोड़ के समीप एक भी सरकारी चापाकल नही रहने के कारण लोगों को पेयजल की समस्या हो रही है।

**नलजल से भी बाजार में नही मिल रहा पानी :** नलजल योजना से भी बाजार में पानी की सप्लाई नही होने से लोग नराज है। पीएचईडी विभाग द्वारा नलजल योजना से बाजार में सड़क के दोनों किनारे पाइपलाइन बिछाई गई है लेकिन उसमें आज तक पानी की सप्लाई नही की गई है। सिर्फ पाइपलाइन बिछा कर छोड़ दिया गया है। बाजार में कही पर नल का कनेक्शन भी नही किया गया है। सड़क चौड़ी करण में बाजार का जहाँ ताह पाइपलाइन भी उखड़ गया है। हैदर मोड़ के दुकानदार नसीम पंचर टायर दुकान, आजाद साइकिल दुकान, छोटी सीमेंट दुकान, साजिद, सुभाष, सूरज राजवंशी आदि दुकानदारों ने बताया कि शेखपुरा बाजार के हैदर मोड़ बाजार में सरकारी चापाकल नही रहने से हम सभी दुकानदारों को पेयजल की समस्या हो रही है। दुकानदारों को किसी न किसी के घर से पीने का पानी लाना पड़ता है। लेकिन बाहर से आये ग्राहकों को पेयजल के लिए काफी संकट हो जाता है। बाजार आये लोग पेयजल की समस्या होने पर जनप्रतिनिधियों और प्रसाशन को कोसते नजर आते हैं।

# 100 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत के बाद डीजे पर भोजपुरी गाने पर परिजन थिरकते ले गए श्मशान

लोक तंत्र कीआवाज



**● बुजुर्गों की मौत के बाद खुशियों से विदाई के प्रचलन में हो रही बढ़ोत्तरी**

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के लक्ष्मी बिगहा गांव में एक 100 वर्षीय बुजुर्ग महिला के मौत हो गई।महिला के मौत के बाद उसके परिजनों ने घर से श्मशान तक शव को कंधों के सहारे ले जाने के क्रम में डीजे पर भोजपुरी एवं होली के गानों पर थिरकते नजर आए।शव यात्रा में शामिल सभी लोगों के चेहरों पर खुशी साफ-साफ झलक रही थी और वे नाचते-कूदते श्मशान तक सफर तय किया।हालांकि यह कोई नया मामला नहीं है,इस आधुनिक युग में मोबाइल पर दर्जनों ऐसे रिल्स देखने मिल जाएंगे,जिसमें मौत के बाद मातम के जगह डीजे पर गानों की धुन पर लोग एंजॉय करते हुए श्मशान जाते दिखाई दे रहे हैं।वहीं शव यात्रा में शामिल शैलेन्द्र यादव,विनोद यादव,रामोतार यादव,राजकुमार राजवंशी,रामेश्वर चौधरी,यशोदा देवी,अनिता देवी, कालो देवी व सारुणा देवी ने बताई कि मृतक महिला लक्ष्मी बिगहा गांव निवासी स्व. कामेश्वर पंडित की पत्नी तिलेश्वरीय देवी है,जिनकी मृत्यु 100 वर्षों के बाद हुई है।मृतक महिला के एकमात्र पुत्र और तीन पुत्रियां है,जो सभी अपने-अपने परिवारों के साथ खुश हैं।वहीं मृतका के बेटे काली पंडित ने बताया कि हमारे माता-पिता ने हम सभी भाई-बहनों की परवरिश में कोई कमी नहीं की।बीते कुछ वर्ष पूर्व पिता का स्वर्गवास हो गया था,अब माता भी हमसभी को छोड़ गई हैं।परिजनों के सहमति के बाद ही अंतिम संस्कार के पूर्व घर से श्मशान तक लोग हंसते-गाते पहुंचे हैं।वहीं गांव के अन्य लोग भी इस नजारे को देखकर तरह-तरह की बातें कहते नजर आए।

# नवादा : प्रदेश कांग्रेस प्रभारी से मिले कांग्रेस नेता संजय पासवान, विधानसभा चुनाव को लेकर हुई बातचीत

लोक तंत्र की आवाज



**सुनील कुमार**
**नवादा।** बिहार के नवनियुक्त प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू 24 फरवरी से चार दिनों तक विभिन्न जिलों का दौरा पर हैं । 24 फरवरी को पटना जिले से इसकी शुरुआत भी कर दिए हैं । इसके साथ ही वे मोर्चा संगठन, विभाग, प्रकोष्ठ अध्यक्ष के अलावा जिलाध्यक्ष, एआईसीसी सदस्य, प्रदेश प्रतिनिधि, पूर्व प्रत्याशी और प्रखंड अध्यक्ष के साथ भी बैठक करेंगे। विभिन्न स्तर के पार्टी नेताओं के साथ बात कर वे पार्टी की जमीनी हकीकत भी जानेंगे। वे बिहार विधानसभा चुनाव को मजबूती से लड़ने के लिए लोगों से मिलेंगे। इस कड़ी में नवादा के कांग्रेस नेता सह राजगीर विधानसभा के भावी प्रत्याशी संजय पासवान उर्फ डीसी ने कृष्ण अल्लाबारू कांग्रेस प्रभारी और सुशील पासी सह कांग्रेस प्रभारी से मुलाकात किया। उन्होंने नेता द्वय से मिलकर पार्टी और आगामी विधानसभा को लेकर चर्चा किया। उन्होंने बताया कि राजगीर विधानसभा के लिए दोनों नेताओं ने मुझे आश्वाशन भी दिया गया और कहा गया कि क्षेत्र से जुड़कर पार्टी और कार्यकर्ता को मजबूत करें। उन्होंने जल्द हीं राजगीर विधानसभा आने और नेताओं और कार्यकर्ताओं से मिलने और बैठक करने की बात कही। विदित हो कि राजगीर विधानसभा सुरक्षित सीट है। जिसपर नवादा और नालंदा के कई नेता ने दावेदारी पेश किया है ,हालांकि संजय पासवान पुराने कांग्रेसी नेता और पार्टी कार्यकर्ताओं तथा वरीय नेताओं पर उनकी खास पहचान है। जिसको लेकर संजय पासवान अपनी दमदार दावेदारी पेश कर कर रहे हैं।

# नवादा के हरिश्चंद्र स्टेडियम में जिलास्तरीय 'फरोग-ए-उर्दू' सेमिनार, मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन

लोक तंत्र कीआवाज





**सुनील कुमार**
**नवादा।** हरिश्चंद्र स्टेडियम में गुरुवार को जिलास्तरीय 'फरोग-ए-उर्दू' सेमिनार, मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी ने की।जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि उर्दू शुद्ध भारतीय भाषा है और इसके विकास के लिए समाहरणालय, अनुमंडल और प्रखंड स्तर पर उर्दू कोषांग स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि उर्दू भाषी नागरिक अपने आवेदन उर्दू भाषा में भी दे सकते हैं।उन्होंने कहा कि उर्दू गंगा-जमुनी तहज़ीब की प्रतीक भाषा है, जो समाज के सभी वर्गों के बीच प्यार, मोहब्बत और एकता का संदेश देती है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि भारत की आज़ादी की लड़ाई में उर्दू का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कार्यक्रम में डीपीओ स्थापना तनवीर आलम एवं डीपीओ मध्याह्न भोजन मजहर हुसैन ने उर्दू भाषा के विकास और उसके महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर स्थानीय शायरों ने अपनी बेहतरीन शायरी से समां बांध दिया। प्रमुख शायरों में रज़ा तस्लीम, सबा रजौलवी, अनीस फरीदी, अशफाक रसूल, मोहम्मद जाहंगीर आलम, मोहम्मद महबूब आलम, मोहम्मद जवेद रब, मुख्तार वारसी सहित कई अन्य शायर मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य उर्दू भाषा का प्रचार-प्रसार और इसका विकास सुनिश्चित करना था। इस कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त , वन प्रमंडल पदाधिकारी न, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गोपनीय प्रभारी पदाधिकारी, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# रजौली अनुमंडल अन्तर्गत एक बाल श्रमिक को कराया गया मुक्त

लोकतंत्र की आवाज



**आर्यन मोहन**
**नवादा।** जिले में बाल श्रम रोकने के लिए जिला श्रम संसाधन विभाग ने कवायद तेज की है। विभाग ने बाल श्रम मुक्ति अभियान प्रारम्भ किया है। गुरुवार को विशेष अभियान के तहत रजौली प्रखंड में धावा दल गठित कर एक बाल श्रमिक को मुक्त कराया गया। साथ ही उनकी सेवा लेने वाले नियोजकों के खिलाफ विधिक कार्रवाई भी की गई है।श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर चलाए गए अभियान मे रजौली अनुमंडल अंतर्गत नरहट चांदनी चौक समीप संजय मिष्ठान भंडार मे एक बाल श्रमिक कार्यरत मिला।विभाग के द्वारा उस बाल श्रमिक को बाल श्रम से मुक्त कराया गया एवं बच्चे को बाल कल्याण समिति मे प्रस्तुत किया गया और नियोक्ता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई।श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि बाल श्रम नहीं करानें को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, इसके बावजूद कुछ सेवायोजक इस पर रोक नहीं लगा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बाल श्रम अधिनियम 1986 के तहत 50 हजार तक का जुर्माना एवं 2 साल तक का कठोर कारावास का प्रावधान है । इस छापेमारी अभियान मे श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी गोविंदपुर , श्रम प्रवर्तक पदाधिकारी नरहट एवं तटवासी समाज न्यास संस्था के कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### हिंदी का पेपर खराब होने से इंटर की छात्रा ने दी जान



**पीयूष तिवारी**

**बेनीगंज/हरदोई।** गांव में हड़कंप उस समय मच गया जब इंटर की छात्रा ने यूपी बोर्ड परीक्षा में पेपर खराब होने के कारण आहत होकर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर जिले पर भेजा वही इस दुखद घटना पर परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है। बता दे बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव कमलापुर मजरा गिरधरपुर निवासी तुलसीराम ने 26 फरवरी थाने में लिखित शिकायत की है बताया है कि उनकी 20 वर्षीय बेटी रेशमा इंटर की छात्रा थी। परीक्षा केंद्र पर हिंदी का पेपर देने गई थी। वहां से वापस घर आई तो उसने बताया कि उसका पेपर ठीक नहीं हुआ है इसी बात को लेकर वह काफी परेशान थी। पिता ने बताया कि मंगलवार की शाम करीब 5 :00 बजे घर के अंदर छत के कुंडे में रस्सी के फंदे से लटक कर जीवन लीला समाप्त कर ली। जब जाकर देखा तो शव फंदे से लटक रहा था। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची बेनीगंज पुलिस उप निरीक्षक सत्यदेव सिंह सिपाही ममता सिंह सहित मौके पर पहुंचकर परिजनों से पूछताछ की। इस बाबत में अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक ध्रुव कुमार सिंह ने बताया है मृतका का शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### मुरादाबाद टीचर की पिटाई से गई आँख की रोशनी, सिटी मजिस्ट्रेट को दिए जांच के आदेश



**रिपोर्ट रोहित कुमार**

मुरादाबाद भोगपुर मिठौनी प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्वारा कक्षा 3 की छात्रा की पिटाई करने से आंख की रोशनी चले जाने का मामला सुर्खियों में बना हुआ है। डीएम ने अब मामले की जांच सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव को सौंपी हैं। खंड शिक्षा अधिकारी और सिटी मजिस्ट्रेट जांच के लिए प्राथमिक विद्यालय भोगपुर मिठोनी पहुंचीं हैं। सिटी मजिस्ट्रेट ने स्कूल कैंपस जाकर पूरे घटनाक्रम को समझा। जहां बच्चों के साथ अन्य टीचरों से भी उनके द्वारा पूछताछ की जा रही हैं।

### बिजनौर : पुरानी रंजिश मे दो युवक एक व्यक्ति पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला करने के आरोप में गिरफ्तार



**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

**नगीना देहात।** पुरानी रंजिश को लेकर दो युवकों ने एक व्यक्ति पर लोहे की रॉड और डंडों से हमला कर दिया। मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया पीड़ित ने एक सप्ताह पूर्व थाने में तहरीर देकर बताया कि जॉनी, मोनू पुत्रगण फूल सिंह एवं शिवानी पुत्री फूल सिंह (निवासी टांडा माईदास) ने पुरानी कहासुनी को लेकर उसे घेर लिया। पहले गाली गलौज की, फिर लोहे की रॉड और डंडों से बेरहमी से पीटा। मारपीट के दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जॉनी और सोनू को घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड और एक बैग के साथ गिरफ्तार कर लिया। दोनों को न्यायालय में पेश कर उनके खिलाफ विधिक कार्यवाही की गई पुलिस अब इस मामले की गहन जांच कर रही है, ताकि अन्य संभावित आरोपियों को भी पकड़ा जा सके और पीड़ित को न्याय मिल सके।

# हरदोई : समाजवादी पार्टी की तरफ सभी जनपदों में बूथ स्तर तक पीडीए पंचायत का आयोजन शुरू

लोकतंत्र की आवाज




**ब्यूरो रितेश मिश्रा**

हरदोई समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के निर्देश पर 27 जनवरी 2025 से प्रदेश के सभी जनपदों में बूथ स्तर तक पीडीए पंचायत का आयोजन शुरू हो गया है। यह कार्यक्रम 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने और श्री अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प के साथ अनवरत जारी रहेगा। हरदोई नगर पालिका पूर्व प्रत्याशी एवं जिला उपाध्यक्ष रामज्ञान गुप्ता ने 156 सदर विधानसभा के गांव बगहा में पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम किया। उन्होंने घर-घर पीडीए पर्चा पहुंचते हुए अपील करते हुए कहा है कि प्रभुत्ववादियों और उनके संगी-साथियों के लिए बाबा साहेब सदैव से एक ऐसे व्यक्तित्व रहे हैं, जिन्होंने संविधान बनाकर शोषणात्मक-नकारात्मक प्रभुत्ववादी सोच पर पाबंदी लगाई थी। इसीलिए ये प्रभुत्ववादी हमेशा से बाबा साहेब के खिलाफ रहे हैं और समय-समय पर उनके अपमान के लिए तिरस्कारपूर्ण बयान देते रहे हैं। रामज्ञान गुप्ता ने कहा है कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को कर्ज में डुबो दिया है। उत्तर प्रदेश के हर व्यक्ति पर 36 हजार का कर्ज है। उत्तर प्रदेश पर कुछ नौ लाख करोड़ का कर्ज हो गया है। भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश को लगातार कर्ज के बोझ से दबा रही है। भाजपा सरकार अपनी गलत आर्थिक नीतियों से देश-प्रदेश की अर्थव्यवस्था से भी खिलवाड़ कर रही है। यह सब भाजपा सरकार चंद पूंजीपतियों के मुनाफे के लिए कर रही है। इस सरकार में गरीब और गरीब होता जा रहा है। महंगाई, बेरोजगारी से हर वर्ग परेशान है। किसान, नौजवान, व्यापारी, महिलाएं सभी परेशान है। लोगों के हाथ में पैसा नहीं है। जनता की जेबे खाली है।

रामज्ञान गुप्ता ने कहा कि जनता चुनाव का इंतजार कर रही है। 2027 में भाजपा की झूठ, लूट और बेईमानी वाली सरकार को जनता हमेशा के लिए सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा देगी। इस मौके पर दृगपाल वर्मा, अनंतराम वर्मा, सत्यपाल वर्मा, रामसकल वर्मा, संतराम वर्मा, रामकिशोर वर्मा, पुत्तूलाल वर्मा ,दीनदयाल वर्मा, राकेश वर्मा, दिनेश वर्मा, महेश वर्मा, राजेंद्र वर्मा, धर्मेंद्र यादव दीपू, मिथिलेश कश्यप, रतीराम यादव, रामू कश्यप, आदि लोग मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई ग्राम्य विकास विभाग की बैठक



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो रितेश मिश्रा**

हरदोई आज विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में ग्राम्य विकास की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि राशन की दुकानों के आवंटन में शासनादेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। निर्णय तहसील स्तरीय समिति द्वारा किया जाये। प्रस्ताव के एक सप्ताह के अंदर समिति की बैठक करायी जाये। चयन ग्राम सभा की खुली बैठक में कराया जाये। पारित प्रस्ताव के उपरांत खण्ड विकास अधिकारी अधिकतम 2 सप्ताह में तहसील स्तरीय समिति को भेज दें। उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली समिति अधिकतम 15 दिन में अपनी कार्रवाई पूर्ण करे। शिकायतों पर निर्णय चयन समिति द्वारा ही लिया जाये। चयन समिति द्वारा प्रस्ताव निरस्त होने पर पुनः प्रस्ताव के लिए समय सीमा निर्धारित की जाये। प्रस्ताव से पूर्व आवेदकों की पात्रता की अच्छी तरह से जाँच कर ली जाये। प्रधान के पारिवारिक सदस्य के पक्ष में प्रस्ताव न किया जाये। इस सम्बन्ध में सभी पूर्ति निरीक्षकों से प्रमाण पत्र लिया जाये। निर्मित सभी मॉडल शॉप का संचालन सुनिश्चित कराया जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि आवास प्लस के अंतर्गत पात्रता हेतु सर्वे का कार्य तेजी से कराया जाये। सभी ग्राम पंचायतों में पात्रता चयन हेतु ग्राम सभा की खुली बैठक करायी जाये। प्रतिदिन ग्राम पंचायतवार सर्वे के कार्य की समीक्षा की जाये। एडीओ आईएसबी सर्वेयरों के साथ नियमित समीक्षा करें। प्रत्येक सर्वेयर अपने कार्यक्षेत्र के प्रत्येक ग्राम में कम से कम 2 बैठक अवश्य कर ले। दोनों बैठकों का कार्यवृत्त बनाया जाये। पहली बैठक 8 मार्च से पहले अवश्य कर ली जाये। मनरेगा की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि भुगतान में शासन के दिशा निर्देशों का पालन किया जाये। मनरेगा में पिछले वर्षों के अधूरे कार्यों की समीक्षा की जाये। विकास खण्ड वार 10 लाख से अधिक व्यय वाले कार्यों की सूची बनाई जाये। एनआरएलएम की समीक्षा करते हुए कहा कि लक्ष्य के अनुरूप समूह गठन का कार्य जल्द पूरा किया जाये। विकास खण्डो के लिए आवश्यकतानुसार अद्यतन कंप्यूटर की खरीद की जाये। विकास खण्डो की रैंकिंग की समीक्षा करते हुए उन्होंने टड़ियावां, पिहानी, कछौना विकास खण्ड की लगातार ख़राब रैंकिंग पर खण्ड विकास अधिकारियों को कड़ी फटकार लगायी। उन्होंने क्षेत्र पंचायत की बैठकों में वास्तविक जन प्रतिनिधियों को ही अनुमति देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध हथियारों के साथ फोटो वायरल पुलिस ने किया युवक को गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

**नांगल सोती।** अपराध की रोकथाम हेतु चलाए जा रहा है विशेष चेकिंग अभियान के तहत नांगल पुलिस ने एक युवक को अवैध असलाहों के साथ गिरफ्तार किया। नांगल थाना क्षेत्र ग्राम हरचंदपुर निवासी अजाम पुत्र शफीक का सोशल मीडिया पर एक बंदूक व तमंचे का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। तमंचे के साथ फोटो वायरल होने के बाद नांगल पुलिस हरकत में आई और पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए अपना जाल बिछा दिया था। बीती रात 11 बजे के करीब सैदपुरी की नहर की पुलिया के पास खड़े एक युवक कों चेकिंग के दौरान हेड कांस्टेबिल विकास कुमार व प्रवीण कुमार ने आरोपी युवक आजम को 315 बोर की एक बंदूक व 12 बोर के तमंचे के साथ पकड़ लिया। वही थाना प्रभारी संजय तोमर नें बताया कि अवैध असलाह के साथ आरोपी युवक का सम्बंधित धाराओं में चालान कर दिया गया।

## समूचे जिले में महाशिवरात्रि के दिन शिवालयों में श्रृद्धालुओ की रही भारी भीड़

लोक तंत्र कीआवाज



**राकेश पाण्डेय**

**सीतापुर।** समूचे जिले में महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की शिवालयों में भारी भीड़ उमड़ी इस मौके पर श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन कर भगवान भोलेनाथ से मन्नतें मांगी। कहीं-कहीं इस मौके पर रुद्राभिषेक भी हुए। जिले की आदर्श नगर पंचायत हरगांव के प्राचीन पौराणिक सूर्यकुंड तीर्थ में महाशिवरात्रि के अवसर पर भोर चार बजे से ही हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा की डुबकी लगाकर भगवान भोलेनाथ गौरी शंकर बाबा की पूजा अर्चना कर स्वयं सहित लोक कल्याण का समृद्धि की कामना की। यहां पर रात्रि प्रहर में नगर पंचायत हरगांव के पूर्व अध्यक्ष हरि नाम बाबू मिश्रा ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। महाशिवरात्रि के दिन थाना हरगांव के प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में वरिष्ठ उप निरीक्षक योगेश कुमार शंखधर अपने महिला व पुरुष बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था बड़ी मुस्तैदी के साथ संभाल रहे थे जिस कारण महापर्व पर कोई अप्रिय घटना नहीं घटी और त्यौहार सकुशल निपट गया। दूसरी ओर रामकोट क्षेत्र में स्थित शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही,शिव मंदिरों में विधि विधान से पूजन अर्चन किया।पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव अपने निराकार स्वरूप में आए थे और इसी दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह भी हुआ था। महाशिवरात्रि की रात्रि में पूजन का अपना अलग ही महत्व माना जाता है,इस दिन शिवलिंग की पूजा प्रदोष काल,निशीथ काल समेत रात के चार प्रहर में की जाती है। वहीं रामकोट कस्बे में स्थित प्राचीन गंगासागर रामेश्वरम मंदिर व नागेश्वर मन्दिर, अर्थाना मे बाबा अचूक नाथ मन्दिर,परसेहरा के तुरन्त नाथ मंदिर सहित इलाके के गांवों में स्थित शिव मंदिरों में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने गांजा,भांग, धतूरा,बेर,दूध चावल धूप, चंदन ,पुष्प आदि सुगंधित द्रव्यों से पूजा अर्चना कर मंदिरों की परिक्रमा की। शिव बारात निकाल कर एक दूसरे के रंग गुलाल लगाकर खुशी मनाई। वालयों में सैकडों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही।सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। इसके अलावा जिले की तहसील मिश्रिख के महर्षि दधीचि कुंड परिसर में स्थित सभी शिव मंदिर ऑन में महाशिवरात्रि के अवसर पर सुबह से ही भक्तों का जमावड़ा लगा रहा शिव भक्तों ने ब्रह्म मुहूर्त से ही शिव मंदिरों में पूजन अर्चन किया वहीं शाम के समय सभी मंदिरों पर प्रसाद के रूप में ठंडाई का वितरण किया गया। इस मौके पर दधीचि कुंड के प्रधान पुजारी राहुल शर्मा के द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ शिवजी की बारात निकाली गई और शिव भक्तों ने जमकर नृत्य किया इस मौके पर सुरक्षा के लिहाज से पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रही।

## डीआईजी ने पुलिस कप्तानों के साथ की बैठक, एसएसपी रहे मौजूद

लोकतंत्र की आवाज



**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

मुरादाबाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा मुरादाबाद पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र मुनिराज जी की अध्यक्षता में परिक्षेत्रीय कार्यालय पर आयोजित कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, सीएम डेशबोर्ड, आईजीआरएस, ऑपरेशन त्रिनेत्र दृष्टि, कन्विक्शन, आईटी, एसएसओ पोक्सो व महिला अपराध व अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर समीक्षा गोष्ठी में प्रतिभाग किया गया। डीआईजी मुनिराज जी द्वारा जिला पुलिस द्वारा किए जा रहे कार्यो की समीक्षा के दौरान किए जा रहे कार्यो की जहां प्रंशसा की, वही यह भी आदेश दिए गए हैं कि थानों पर की जाने वाली जनसुनवाई में भी ज्यादा से ज्यादा शिकायतों का निस्तारण किया जाना चाहिए। अगर फरियादी की शिकायत को थाना स्तर पर निपटाया जा सकता है फिर इन हालातों में उन्हें दफ्तरों के चक्कर नही लगाने पड़ेंगे। डीआईजी मुनिराज जी के जनता दरबार की अगर बात की जाए तो दो दर्जन से अधिक उनके कार्यालय पर पहुँचती है। जिनमें अधिकतर का निस्तारण उनके द्वारा तत्काल कर दिया जाता हैं। इसी तरह उन्होंने जिलो के पुलिस कप्तानों को जनता की शिकायतों को तत्काल निपटाए जाने के आदेश दिए हैं। बैठक में मुख्य रूप से एसएसपी सतपाल अंतिल, पुलिस कप्तान रामपुर विद्या सागर मिश्रा, जिला अमरोहा पुलिस कप्तान आनन्द कुमार आनन्द, पुलिस कप्तान बिजनोर, पुलिस कप्तान जिला संभल भी मौजूद रहे।

## मुरादाबाद : सीओ ने आयोजित की क्राइम समीक्षा बैठक

लोकतंत्र की आवाज



**रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह**

मुरादाबाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सिविल लाईन्स कुलदीप गुप्ता द्वारा आगामी त्यौहार होलिका दहन के दृष्टिगत लाईन पार चौकी पर, थाना मझोला के चौकी प्रभारीयों के साथ गोष्ठी की गयी तथा त्यौहारों के दृष्टिगत क्षेत्र भ्रमण व लोगों से त्यौहारों को शान्ति व सदभावपूर्ण तरीके से मनाने की अपील करने आदि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के बाद सीओ सिविल लाइन कुलदीप गुप्ता द्वारा फोर्स के साथ हाईवे और क्षेत्र में गली मोहल्लों का पैदल ही गश्त किया गया और स्थानीय लोगों से मुलाकात करते हुए उनका हाल जाना गया। इतना ही नहीं कानून व्यवस्था को लेकर भी लोगों के साथ चर्चा की गई।

**त्योहारों के मद्देनजर किया गया गश्तः** मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद मुरादाबाद पुलिस द्वारा महाशिवरात्रि, कांवड़ यात्रा व होलिका दहन, अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था व जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत अपने अपने क्षेत्रान्तर्गत गली, मोहल्लों, बाजार, मुख्य रास्तों व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर पैदल गश्त की गई। इसी क्रम में इंस्पेक्टर कोतवाल जसपाल सिंह ग्वाल भी फोर्स के साथ बाजारों में निकले और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## सीतापुर स्वास्थ्य विभाग में अनियमितता अधीनस्थ स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों की पहचान के बाद भी कार्यवाही शून्य

लोक तंत्र कीआवाज

**राकेश पाण्डेय**

**सीतापुर।** जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय द्वारा स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों को चिन्हित किए जाने के बावजूद, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) सिधौली सहित अन्य स्थानों पर कुछ कर्मचारियों को अधिक वेतन और पेंशन दिए जाने के मामले में कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। यह मामला तब और गंभीर हो जाता है जब सूचना अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई जानकारी भी विभाग ने उपलब्ध नहीं कराई।

**स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर उठे सवालः** जानकारी के अनुसार, स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मचारियों की सेवा शर्तों की पुनः जांच के बाद अनियमितताएं सामने आई थीं,जिसके तहत कुछ कर्मचारियों को नियमविरुद्ध अधिक वेतन और पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। इसके बावजूद मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।सूत्रों के अनुसार, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिधौली में ऐसे कई कर्मचारी कार्यरत हैं जिन्हें अनाधिकृत रूप से अतिरिक्त वित्तीय लाभ मिली भगत से पहुंचाया गया है,लेकिन शिकायतों के बावजूद उच्च अधिकारी मौन बने हुए हैं।

**आरटीआई के तहत नहीं दी जा रही जानकारीः** सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत जब इस अधिक वेतन व पेन्शन दिये सम्बन्ध में जानकारी मांगी गई,तो स्वास्थ्य विभाग लेखा अनुभाग सूचना देने से इनकार या टालमटोल की नीति अपनाई।इससे यह संदेह और गहरा हो गया है कि विभाग के भीतर ही कुछ प्रभावशाली लोगों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। जनता और कर्मचारियों में आक्रोश इस मामले को लेकर ईमानदार कर्मचारियों और जनता में भारी आक्रोश है। वेतन और पेंशन जैसी महत्वपूर्ण वित्तीय व्यवस्थाओं में गड़बड़ी से न केवल सरकारी राजस्व का नुकसान हो रहा है, बल्कि स्वास्थ्य विभाग की छबि व सेवाओं की पारदर्शिता भी प्रभावित हो रही है।



**क्या कहता है नियमः** वेतन और पेंशन से सम्बन्धित किसी भी अनियमितता पर वित्तीय एवं प्रशासनिक कार्यवाही अनिवार्य होती है।अगर किसी कर्मचारी को गलत तरीके से अधिक वेतन या पेंशन का भुगतान किया जा रहा है,तो उसे रिकवर किया जाना चाहिए और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

**जांच और कार्रवाई की मांगः** इस गंभीर मामले में अब आजाद अधिकार सेना के जिला अध्यक्ष नवल किशोर मिश्र ने मांग की है और उनका कहना है कि यदि समय रहते सही कदम नहीं उठाए गए, तो इस घोटाले के खिलाफ जन आंदोलन छेड़ा जाएगा।अब देखना यह होगा कि सीतापुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय लेखा अनुभाग की इस वित्तीय अनियमितता पर कब तक चुप रहते हैं और क्या उच्च प्रशासन इस मामले में संज्ञान लेगा।

## डीएम, एसपी ने जिला कारागार का किया संयुक्त निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

लोक तंत्र की आवाज



**उरई जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने जिला कारागार का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने कारागार अस्पताल में भर्ती कैदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और समाधान के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न बैरकों, अस्पताल, भोजनालय, भंडार कक्ष सहित जेल के अन्य महत्वपूर्ण हिस्सों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इसके साथ ही, जेल परिसर में साफ-सफाई बेहतर मिली और कैदियों के नियमित मेडिकल चेकअप कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने जेल प्रशासन को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि कारागार परिसर में किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री प्रवेश न कर सके। इसके लिए रोस्टर बनाकर नियमित जांच-पड़ताल करने के निर्देश दिए गए, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोका जा सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने बंदियों के स्वास्थ्य, शिक्षा और सुधारात्मक कार्यक्रमों को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुधारात्मक गतिविधियों से कैदियों के व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है, जिससे वे भविष्य में समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकें। इस अवसर पर जेल अधीक्षक नीरज देव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### नशा मुक्ति अभियान के तहत अनेकों प्रतियोगिता का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। नशा मुक्ति अभियान के तहत बुद्दचक थाना प्रभारी मुकेश कुमार के नेतृत्व में मध्य विद्यालय बरोहिया के प्रांगण में पुलिस पब्लिक सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता (बालक/ बालिका) वर्ग अभियान गीत, नृत्य,पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कबड्डी बालिका वर्ग में इंस्टाग्राम टीम विजेता और मौज टीम उप विजेता रही। बालक वर्ग में महाकाल टीम विजेता और माही टीम उप विजेता रही।वही थाना प्रभारी ने संबोधन में कहा कि नशा से मुक्ति के लिए आम जनता के अंदर जागरूकता पैदा करना है और इस अभियान को जन जागरूकता के माध्यम से ही सफल बनाया जा सकता है।कार्यक्रम के सफल संचालक विनीत रंजन स्कोरर आकाश किरण निर्णायक सर्वोत्तम कुमार शर्मा रहे ।वही कार्यक्रम के सफल संचालन में एस आई राजीव कुमार,शिक्षक राजकिशोर मंडल,दिलीप साह, रीना कुमारी,रंजू,नीलम,पूजा ,सीता सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं,ग्रामीण उपस्थित रहे।

### उत्पादक समूह के पदाधिकारो का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आरंभ



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख
बरहरवा। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी,पलाश बरहरवा के सौजन्य से प्रखंड में गठित सभी उत्पादक समूह के पदाधिकारो का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण महेंद्र अतिथिशाला,बरहरवा में बीपीएम फैज आलम की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक रहीम विश्वास और रामू रजवार के द्वारा उत्पादक समूह की जानकारी एवं उद्देश्य,उत्पादक समूह की गतिविधियों,उपयोगिता,सदस्य पात्रता,सेवाएं,विकास सहायता,भूमिका एवं महत्व,बिजनेस प्लान तैयार करने के साथ ही साथ खाता बही संधारण इत्यादि का जानकारी विस्तारपूर्वक दी जाएगी।मौके पर उपस्थित बीपीएम फैज आलम ने जेएसएलपीएस के अंतर्गत चल रहे विभिन्न योजनाओं के बारे विस्तारपूर्वक अहम जानकारी सभी को दी साथ ही साथ उत्पादक समूह का नियमित बैठक करवा के खाता बही संधारण करने का भी निर्देश दिया।

### खरीक में पिता व पुत्र को किया गया याद , स्वर्गीय रवि शंकर एक शिक्षक के साथ-साथ सामाजिक लोग थे : आजाद अंसारी



लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर। खरीक प्रखंड के अठगामा नाथ महादेव मेला महोत्सव के मौके पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रविशंकर मेमोरियल ट्रॉफी का उद्घाटन समारोह अतिथि द्वारा फिता काटकर किया गया।मालूम हो की पूर्व में पिता पुत्र मोटर साइकिल दुर्घटना में निधन हो गया था।उनी के याद में गुरुवार को आयोजन कराया गया। युवा नेता आजाद अंसारी ने बताया कि स्व: रविशंकर एक शिक्षक थे।और वे मेला में अहम योगदान देते थे। समाज सेवा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। इसी लिए उन्हें हर साल याद किया जाता है। मुख्य अतिथि युवा नेता आशीष कुमार मंडल, उप प्रमुख मजहरूल हक, सच्चिदानंद मास्टर, युवा समाज सेवी आजाद अंसारी,नीरज कुमार,मास्टर दयानंद, डॉ. सच्चिदानंदन, मास्टर अमित कुमार,सिंगर करणवीर राज, मनोज कुमार, पूर्व मुखिया अवधेश कुमार, दशरथ मंडल,समस्त अठगामा ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# दिल्ली, झारखंड की सरकार महिलाओं को 2500 रूपये सहायता राशि दे सकती है तो बिहार सरकार क्यों नहीं : रौशन कुमार

लोकतंत्र की आबाज

रामजी कुमार
पूसा/समस्तीपुर। भाकपा-माले के द्वारा 2 मार्च को पटना में बदलो बिहार महाजुटान रैली का आयोजन किया जाना है। जिसकी व्यापक सफलता के लिए पूसा प्रखंड के गांवों में तैयारियां तेज कर दी गई है। इसी क्रम में भाकपा-माले जिला कमिटी सदस्य रौशन कुमार ने महमदा पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाकर रैली में बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है।



रौशन कुमार ने कहा कि भूमिहीनों के आवास, पहुंच पथ, रोजी रोजगार, न्याय, आपदा मित्र, किसानों से जुड़े बटाईदारों एवं कृषि क्षेत्र की समृद्धि, लोकतांत्रिक अधिकार पर हमले के खिलाफ, आम लोगों को सामाजिक समानता, श्रमिकों -स्कीम वर्करो, नियोजित वर्कर्स, कर्मचारियों को सामान्य जीवन जीने लायक वेतन व मानदेय, युवा व छात्र को रोजगार, समान शिक्षा, महिलाओं को अधिकार व सम्मान, अल्पसंख्यको के अधिकार व सांप्रदायिकता पर रोक, बाढ़-सुखार से निजात व प्रदूषण से मुक्ति, बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था की गारंटी व मुफ्त इलाज, फुटपाथी दुकानदारों के आजीविका की गारंटी, स्टार्टअप्स और उद्यमिता को बढ़ावा, विकलांगों के अधिकार व सुविधा, शहीद जवानों के आश्रितों के अधिकार, पत्रकारों की सुरक्षा व स्वतंत्रता व मजीठिया बोर्ड की सिफारिश को लागू करने, सहारा में फंसे रुपए का भुगतान करने और पारंपरिक कामगारों के अधिकार से जुड़े मुद्दों को पार्टी महाजुटान रैली के दौरान मजबूती से उठाएगी। आगे उन्होंने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी हरपुर महमदा पंचायत के भुयिया टोला वार्ड 7 के दलित समुदाय पहुंच पथ से वंचित हैं, कई महीनो से बंद पड़े नल जल से पेयजल शुरू करने व पहुंच पथ निर्माण के लिए महाजुटान रैली से आने के बाद मांगों को लेकर प्रखंड से लेकर जिला तक चरणबध्द आंदोलन शुरू किया जाएगा।

मौके पर संजय पासवान, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि मुकेश कुमार, उमेश पासवान, सुदामा कुमार, पंकज कुमार, रंजू देवी, उषा देवी, शांति देवी, सुधा देवी सहित दर्जनों लोगों उपस्थित थे।

## जिला मत्स्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित



लोकतंत्र की आवाज

**राजस्व संग्रह बढ़ाने के दिए गए निर्देश**

मामलोत सेख
साहेबगंज। उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला मत्स्य विभाग की समीक्षा बैठक कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित मत्स्य पालन योजनाओं, जलकर बंदोबस्ती और राजस्व संग्रह की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने बैठक में 56 जलकरों की बंदोबस्ती की स्थिति और अब तक प्राप्त राजस्व संग्रह की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि जलकरों की बंदोबस्ती के लिए पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जाए साथ ही राजस्व संग्रह के लक्ष्य को हर हाल में प्राप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कहा कि मत्स्य पालन जिले के किसानों के लिए आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। इसके विकास के लिए जलकरों का सही प्रबंधन और बेहतर बंदोबस्ती आवश्यक है। उन्होंने मत्स्य पालकों को समय पर अनुदान योजना का लाभ देने और नई योजनाओं की जानकारी देने के भी निर्देश दिए।

बैठक में जिला मत्स्य पदाधिकारी वीरेन्द्र कुमार विन्हा ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसका क्रियान्वयन किया जा रहा है मौके पर मत्स्य विभाग के अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## 320 बोतल विदेशी शराब लदा कार बरामद, कारोबारी हुआ फरार, पुलिस कर रही है छापेमारी



लोकतंत्र कि आबाज

वारिसनगर/समस्तीपुर। विती रात्रि वारिसनगर थाना की पुलिस को मिली गुप्त सूचना पर कि गई छापेमारी में थानाध्यक्ष निरंजन कुमार के नेतृत्व में गठित टीम में अपर थानाध्यक्ष शशि शंकर कुमार एलटीएफ अरुन अकेला द्वारा थानाक्षेत्र के बरियारपुर गावं से स्विप्ट चार चक्का गाड़ी लदा 320 बोतल रॉयल ग्रीन व्हिस्की कुल मात्रा 75.840 लीटर बरामद किया। वही कारोबारी अभियुक्त थानाक्षेत्र के गोही निवासी सर्वजीत कुमार मनियारपुर निवासी अमरजीत कुमार एवं यस कुमार अंधेरे का लाभ उठाकर फरार होने में सफल रहा। 180 मिली के छह कार्टून कुल 288 बोतल एवं 750 मिली के 32 बोतल कुल 320 बोतल कुल मात्रा 75.840 लीटर बरामद किया गया तथा इस संबंध में थाना कांड संख्या 42/25 बिहार मध निषेध क्री धारा तीस ए के तहत दर्ज करते हुए तीनो अभियुक्त क्री गिरफ्तारी वास्ते सघन तलाशी एवं छापेमारी शुरू की गई है। पुस्टि थानाध्यक्ष निरंजन कुमार ने कि है।

# समीक्षात हेतू जिला स्तरीय बैठक साहेबगंज सभागार में किया गया आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख
साहिबगंज। जिले में वित्तीय समावेशन के प्रमुख संकेतकों की समीक्षा हेतु जिला स्तरीय बैठक का आयोजन आरसेटी एसबीआई साहेबगंज सभागार में किया गया।इस बैठक में वित्तीय सेवा विभाग,नई दिल्ली के निदेशक अंजनी कुमार ठाकुर की उपस्थिति मे बैठक का संचालन अग्रणी जिला प्रबंधक सुधीर कुमार द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।बैठक की शुरुआत डीडीएम नाबार्ड प्रमोद कुमार द्वारा अंजनी कुमार ठाकुर को आरसेटी निदेशक रवीन्द्र कुमार ने बुके एवं शाल भेंट कर स्वागत। इसके पश्चात अंजनी कुमार ठाकुर की अनुमति से अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा बैठक की शुरुआत की गई।




बैठक के दौरान आकांक्षी जिले के प्रदर्शन का विस्तृत विवरण डीडीएम नाबार्ड प्रमोद कुमार सभी बैंकों के समन्वयकों तथा जिले के अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। बैठक में सिलसिलेवार ढंग से सभी वित्तीय संकेतकों की समीक्षा की गई।समीक्षा के दौरान श्री ठाकुरने कुछ बैंकों,विशेषकर बंधन बैंक और एचडीएफ़सी बैंक,को आधार सीडिंग में अपना योगदान प्रतिशत बढ़ाने का निर्देश दिया।जिले के विभिन्न श्रेणियों में प्रदर्शन लक्ष्य के अनुपात में बेहतर पाया गया। प्रमुख उपलब्धियाँ निम्नलिखित रहीं: जन धन खातों में आधार सीडिंग 86.18% (कुल 8,48133 खातों में),ऑपरेटिव कासा 99%, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना 254%, 159% और अटल पेंशन योजना 331% जो झारखण्ड राज्य मे दूसरे स्थान पर है।बैठक के पश्चात ठाकुर द्वारा आरसेटी के प्रांगण मे पौथारोपण भी किया गया।श्री ठाकुर ने जिले के प्रदर्शन की सराहना करते हुए अन्य वित्तीय संकेतकों में और अधिक सुधार करने पर बल दिया।उन्होंने बैंकों और प्रशासन को मिलकर वित्तीय समावेशन को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु निर्देशित किया।

## बिहपुर के बहुजन चेतना केंद्र में राजद कार्यकर्ताओं ने लगाया सदस्यता शिविर

लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर। गुरुवार को बिहपुर थाना के बगल में राष्ट्रीय जनता दल द्वारा बहुजन चेतना केंद्र मे राजद कार्यकर्ताओं द्वारा सदस्यता अभियान शिविर लगाया गया.मौके पर मुख्य अतिथि राजद के प्रदेश प्रवक्ता अरुण यादव कोशी स्नातक क्षेत्र पूर्व प्रत्याशी डॉ नितेश कुमार यादव मौजूद थे।सदस्यता अभियान शिविर में राजद कार्यकर्ताओं द्वारा भारी संख्या में लोगों ने राजद की सदस्यता ग्रहण किया।मौके पर राजद के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि तेजस्वी यादव प्रभावशाली व्यक्तित्व, कुशल नेतृत्व और जनता से जुड़े मुद्दों की राजनीति से प्रभावित होकर सभी वर्गो के लोग भारी संख्या में राजद की सदस्यता ग्रहण कर रहे है।



राष्ट्रीय जनता दल ही एक ऐसी पार्टी है जिस पार्टी में हर जाति-धर्म के लोगों का पूर्ण आस्था है।सदस्यता अभियान शिविर कार्यक्रम का संचालन करते हुए राजद नेता गौतम कुमार प्रीतम ने कहा कि बिहपुर में कार्यकर्ताओं द्वारा तीव्र गति से सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है।पार्टी के तय लक्ष्य के अनुरूप कार्यकर्ता सदस्यता बनाने में सफल होंगे।मौके पर जिला परिषद सदस्य मोईन राइन, विपिन कुमार मंडल, विनोद कुमार निषाद, राजेश पंडित,नंदल मंडल ,लक्ष्मण मंडल ,नसीब रविदास,शंकर सहनी,विभाष दास,अमजद अली, रवीश सहनी,भोलू सहनी,अमीन दास, प्रदीप सिंह ,रामफल मार्कण्डेय सहित दर्जनों पार्टी नेता मौजूद थे।

## बाबा ब्रजलेश्वरनाथ धाम में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, किया जलार्पण

लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर। भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड के मड़वा गांव में महाशिवरात्रि पर लेंगे मेले के दूसरे दिन सुबह से शाम तक जलार्पण के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हर-हर महादेव, जय बाबा भोले भंडारी के जयकारे से पूरा इलाका गुंजायमान रहा।मेला कमेटी के अध्यक्ष सह सरपंच प्रतिनिधि मनोहर चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि नरेश चौधरी,सचिव श्यामसुंदर राय, कोषाध्यक्ष विमल शर्मा ने बताया कि महाशिवरात्रि के दूसरे दिन लाखों शिवभक्तों ने बाबा ब्रजलेश्वरनाथ धाम मंदिर में जलार्पण किया।



मंदिर में अलग-अलग प्रवेश द्वार से श्रद्धालुओं को प्रवेश कराया गया। गर्भगृह के अंदर रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था है। शिवभक्तों की भीड़ देख बड़ी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गयी है।झंडापुर थानाध्यक्ष विश्वबंधु कुमार सहित कई पुलिस बल लगातार मेले में गश्त लगाते दिखे।मालूम हो मड़वा गांव स्थित बाबा ब्रजलेश्वरनाथ धाम में महाशिवरात्रि पर चार दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है।वहीं किसो राय ,विलास कुंवर, सुबोध चौधरी, मृत्यंजय पाठक, सुधीर पासवान, कन्हैया चौधरी,चंदन चौधरी, डब्लू राय, कुंदन पौदार, बब्बू,मनीष चौधरी, अजीत कुंवर समेत मड़वा गांव के सैकड़ों नवयुवक की भागेदारी रही।

## समाज में प्रेम की भावना बनाए रखने के संदेश के साथ तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ की हुई पूर्णाहुति



लोकतंत्र की आबाज

रामजी कुमार
समस्तीपुर। जिले के पूसा प्रखंड क्षेत्र में चल रहे तीन दिवसीय 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की पूर्ण आहुति गायत्री परिवार के सदस्यो द्वारा दी गई। इस के बाद संगीत प्रवचन के साथ अंत में रंगों के साथ होली गाकर एक दूसरे को गुलाल लगाकर एक दूसरे के प्रति प्रेम की भावना को प्रदर्शित किया।

समाज में प्रेम की भावना बनाए रखने का संदेश दिया। मौके पर मुख्य ट्रस्टी शिक्षाविद अरुण कुमार सिंह, डॉक्टर सुनील कुमार सिंह (बबलू), अंजना शर्मा, निर्मला सिन्हा, आदित्य नाथ झा ,रमेश शर्मा, कौशलेश कुमार सिंह, अभय सिंह ,श्याम झा, शंभु शरण चौधरी,अंकित वत्स,प्रभात कुमार तुलसी, विद्या नन्द, दीपक सिन्हा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पीरपैंती: त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पिरोजपुर बाराहाट के तत्वाधान में 89वी त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें मेहरमा प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिनव कुमार,दुमका से आई बीके जयमाला दीदी, बीके रेखा, बीके डॉक्टर पीयूष, बीके बंटी, बीके लीला दीदी,मानस शिरोमणि नागेश्वर प्रसाद राम और मेहरमा थाना प्रभारी सौरभ कुमार ठाकुर ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर कलश शोभा यात्रा को रवाना किया। कल सुबह यात्रा पिरोजपुर बाराहाट ईशीपुर होते हुए बीके काशी प्रसाद राणा के गीता पाठशाला आश्रम पहुंचा।



शिव बाबा का झंडातोलन बीके जयमाला दीदी ने किया ' आए अतिथियों और पत्रकारों को अंग वस्त्र देकर किया सम्मान' कार्यक्रम को सफल बनाने में सिकंदर पंडित ,पंकज राम , स्काउट के जिला प्रशिक्षक मुकेश आजाद, नितिन कुमार, बीके वीरू कुमार , भावना बहन, शिक्षक चंदन राज, साहित्यकार हरे राम निराला, प्रभु प्रिया, सुनील साह आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

बीके जयमाला दीदी ने कहा शिव का अवतरण हो गया है।बीके जयमाला दीदी ने कहा कि शिव जयंती परमपिता परमात्मा शिव का अवतरण के याद में मनाया जाता है ।कलयुग के अंत में जब मनुष्य का क्रोध लोभ मोह अहंकार के वशीभूत हो कर पाप कर्म करने लगते हैं तब इस घोर अज्ञान के अंधकार में ब्रम्हा द्वारा परमात्मा शिव अवतरण लेने सृष्टि की रचना करते हैं ।काम चल रहा है। इस धर्म लाने के समय हमें अपने जाती धर्म उच नीच गरीब अमीर मत भेदों को मिटाकर परमात्मा के कार्य में सहयोगी बन अपना जन्म जनम का भाग्य बनाना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारी: पुलिस सप्ताह के अवसर पर चलाया गया जन जागरूकता अभियान



तुरकौलिया। पुलिस सप्ताह के अवसर पर धांगर टोली बलही में जन–जागरूकता अभियान चलाया गया। बच्चें को कॉपी, कलम, पेंसिल, टॉफी वितरण किया गया। इस मौके पर तुरकौलिया थानाध्यक्ष सुनील कुमार, अपर थानाध्यक्ष मन्दन कुमार, एसआई आर पी सिंह, एएसआई सन्तोष पटेल रहें मौजूद! वहीं इस कार्यक्रम के बाद सराहनीय कार्य कि हो रही है थानाक्षेत्र में प्रशंसा।

### मोतिहारी में महिला दारोगा वर्दी में बना रही रील्स, एसपी बोले– जांच कर होगी कार्रवाई

पूर्वी चंपारण: जिले के एक थाना में पदस्थापित महिला दारोगा को रील्स बनाने का ऐसा नशा सवार है कि, वह ड्यूटी टाईम में भी रील्स बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रही हैं। महिला दारोगा ने वर्दी पहन कर कई रील्स बनाया है, जो जिला में खूब वायरल हो रहा है. महिला दारोगा का रील्स वायरल होने के बाद एसपी स्वर्ण प्रभात ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है.वायरल वीडियो में दिख रही महिला दारोगा जिला के पहाड़पुर थाना में पदस्थापित है और उसका नाम प्रियंका गुप्ता बताया जा रहा है. सभी वायरल वीडियो में वह वर्दी में दिखाई दे रही हैं. साथ ही वीडियो कै बैंकग्राउंड में फिल्मी गीत भी बज रहा है. वीडियो वायरल होने के बाद जिला पुलिस की बेचैनी बढ़ गई और एसपी ने जांच की बात कही है। पुलिस मुख्यालय का सख्त निर्देश है कि कोई भी पुलिस कर्मी और पदाधिकारी को वर्दी में रील्स नहीं बनाना है। पुलिस पदाधिकारी व कर्मी यदि ऐसा करते हुए पाए जाते हैं तो उनपर कार्रवाई की जाएगी. इसी के साथ यह भी स्पष्ट किया गया है कि ड्यूटी के दोरान मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करना है. ऐसा करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी."– स्वर्ण प्रभात, एसपी, पूर्वी चंपारण पहाड़पुर में पदस्थापित दारोगा प्रियंका गुप्ता के वायरल रील्स के संबंध में पूछे जाने पर एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा कि, "इसकी जांच करायी जाएगी. उसके बाद इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### उत्तर प्रदेश व बिहार सीमा पुल पर मिला नाबालिक युवती का शव, जांच में जुटी पुलिस



ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

बगहा। बिहार और उत्तर प्रदेश के सीमा पर बहने वाली नदी किनारे एक नाबालिक युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। लोग तरह की बातें कर रहे हैं। कुछ लोग हत्या कर शव को फेंकने की आशंका जता रहे हैं। घटना बगहा पुलिस जिले के उत्तर प्रदेश और बिहार की सीमा पर बहने वाली बांसी नदी की है। जहां नदी किनारे एक अज्ञात नाबालिक युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैली हुई है। शव की सूचना मिलते ही दोनों राज्यों की पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन सीमा विवाद के कारण शव को घंटों तक उठाया नहीं जा सका। बगहा के भितहा थाना और यूपी के विशुनपुरा थाना के बीच यह विवाद चलता रहा कि शव किसके क्षेत्र में मिला है और उसे कौन पोस्टमॉर्टम के लिए भेजेगा। विवाद के कारण शव घटनास्थल पर ही कई घंटों तक पड़ा रहा, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों थानों की पुलिस इस बात पर अड़ी रही कि शव उनके क्षेत्र में नहीं आता, जिससे कई घंटे तक कार्रवाई नहीं हो सकी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुलिसकर्मी आपस में यह तय करने में लगे रहे कि शव को कौन उठाएगा और पोस्टमॉर्टम के लिए कहां भेजा जाएगा। इस दौरान शव वहीं पड़ा रहा और स्थानीय लोगों की भीड़ बढ़ती गई।

# मोतिहारी:मोतिहारी ढाका क्षेत्र में भारतमाला परियोजना के तहत सड़क निर्माण कार्य में तेजी

**लगभग 45 किलोमीटर लंबी टू–लेन सड़क का निर्माण किया जा रहा है**

लोकतंत्र की आवाज

**मोतिहारी।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी 'भारतमाला परियोजना' के तहत पूर्वी चंपारण जिले के ढाका क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य तेजी से प्रगति कर रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य देश के सीमावर्ती और आंतरिक क्षेत्रों को सुदृढ़ सड़क नेटवर्क से जोड़ना है, जिससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिले। परियोजना के तहत चकिया से चोरमा, पकड़ीदयाल, ढाका होते हुए बैरगनिया तक लगभग 45 किलोमीटर लंबी टू–लेन सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इस सड़क के निर्माण से पूर्वी चंपारण जिले का सीतामढ़ी जिले से सीधा संपर्क स्थापित होगा, जिससे स्थानीय निवासियों को आवागमन में सुविधा होगी। सड़क निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया लगभग पूर्ण हो चुकी है, और चिन्हित जमीन पर पिलर लगाकर मार्किंग की जा चुकी है। हरियाणा की धारीवाल कंस्ट्रक्शन कंपनी को निर्माण कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसने पकड़ीदयाल में अपना प्लांट स्थापित कर लिया है। बारिश के मौसम के बाद मिट्टी भराई का कार्य शीघ्र ही प्रारंभ होने की उम्मीद है। सड़क निर्माण से ढाका और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों में उत्साह है। परियोजना के पूर्ण होने पर ढाका में यातायात जाम की समस्या में कमी आने की संभावना है, क्योंकि यह सड़क ढाका शहर को बाईपास करते हुए बैरगनिया रोड में जुड़ेगी। इससे



घोड़ासहन, बैरगनिया और सीतामढ़ी की ओर जाने वाले वाहनों को वैकल्पिक मार्ग मिलेगा, जिससे समय और ईंधन की बचत होगी। हालांकि, कुछ भूमि मालिकों को मुआवजा भुगतान में देरी की शिकायत है। भूमि अधिग्रहण अधिकारी गणेश कुमार के अनुसार, जिन भूमि स्वामियों ने आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं, उन्हें भुगतान किया जा चुका है। शेष मामलों में, दस्तावेजों की कमी के कारण भुगतान लंबित है। अधिकारियों ने भूमि स्वामियों से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेज शीघ्र उपलब्ध कराएं ताकि मुआवजा प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। कुल मिलाकर, भारतमाला परियोजना के तहत ढाका क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है, जो क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## दरभंगा एसएसपी ने छात्र– छात्राओं को दिया गया प्रशस्ति पत्र .............



लोकतंत्र की आवाज

**दीपक कुमार**

**गायघाट ।** बिहारपुलिस सप्ताह के अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय कक्ष में महिला सशक्तिकरण को लेकर निबंध, पेंटिंग एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वरीय पुलिस अधीक्षक, दरभंगा के द्वारा निम्न छात्र एवं छात्राओं को प्रशस्ति पत्र दिया गया। निबंध लेखन प्रतियिगिता ( विषयः– महिला एवं बाल सशक्तिकरण ) में प्रथम स्थान मुर्सत प्रवीण , द्वितीय स्थान स्नेहा कुमारी एवं तृतीय स्थान हर्ष कुमार सिंह आदर्श मध्य विद्यालय को दिया गया` वाद–विवाद प्रतियोगिता( विषयः– महिला एवं बाल सशक्तिकरण ) में प्रथम स्थान मुर्सत प्रवीण , द्वितीय स्थान अलीशा प्रवीण एवं तृतीय स्थान प्रियंका सिंह आदर्श मध्य विद्यालय को दिया गयो पेंटिंग प्रतियिगिता( विषयः– महिला एवं बाल सशक्तिकरण ) में प्रथम स्थान श्रवण कुमार सीएम कॉलेज, द्वितीय स्थान छोटू पासवान एमेल एकेडमी एवं तृतीय स्थान अनुप्रिया को दिया गयो पुनः पेंटिंग प्रतियिगिता ( विषयः– महिला एवं बाल सशक्तिकरण ) में प्रथम स्थान नव्या कुमारी ,द्वितीय स्थान नंदनी कुमारी एवं तृतीय स्थान यश राज को दिया गया।जिसके क्रम में नगर पुलिस अधीक्षक, दरभंगा/पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय/पुलिस उपाधीक्षक, रक्षित/परी० पुलिस उपाधीक्षक दीपक कुमार एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

## अग्निपीड़ितों को विधायक ने दी राहत सामग्री



लोकतंत्र की आवाज

**दीपक कुमार**

**गायघाट।** औराईविधानसभा क्षेत्र के औराई प्रखंड अंतर्गत जोकिखुर्द में बीते दिन आग लग जाने से श्री सौकिन राय, और श्री शंभु सहनी जी का घर जल गया था। आज उनके आवास पर पहुंचकर इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के द्वारा और आपदा विभाग के द्वारा उन्हें चेक और राहत्सामग्री वितरण किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष रौशन शर्मा , कमलेश सहनी, उप प्रमुख पप्पू शाह, हरिओम , प्रशांत कुमार राजू , कृष्मोहन, अंचल अधिकारी सहित एनडीए के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## सोनबारसा में बिरसा मुंडा फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता में परसौनी और घोड़हिया के बिच खेला गया क्वार्टर फाइनल परसौनी और घोड़हिया के बीच हो रहे मैच में परसौनी ने 0–1 से जीत हासिल की 3 मार्च 2025 को खेला जाएगा फाइनल मुकाबला

लोकतंत्र की आवाज

**गौनाहा**/प्रखंड क्षेत्र के महुई पंचायत स्थित सोनबरसा खेल के मैदान में बिरसा मुंडा फुटबाल टूर्नामेंट प्रतियोगिता में क्वार्टर फाइनल खेला गया। बता दे कि परसौनी और घोड़हिया के बीच हो रहे मैच में परसौनी ने 0–1 से जीत हासिल की । यह बिरसा मुंडा फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता द्वारा ऑयोजित किया गया है। वही आज की मैच के मुख्य अतिथि सिठ्ठी पंचायत के सरपंच प्रतिनिधी सियाराम रहे । वही मुख्य अतिथि सियाराम महतो ने कहा कि खेल से मनुष्य अनुशासन एवं स्वास्थ्य लाभ को प्राप्त करता है। खेल समाज को जोड़ने का काम करता है। खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी बहुत जरूरी है। ग्रामीण स्तर पर इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन करने पर मैच के



संचालक ओजेंद्र कुमार को बहुत बहुत धन्यवाद दिए।वही इस मौके पर खेल संचालक सह प्रदेश महासचिव एससी एसटी प्रकोष्ट जदयू सह अध्यक्ष भारतीय थारू कल्याण महा संघ ओजेंद्र कुमार, रामनगर विधान सभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी लोकेश राम, महुई सरपंच रामचंद्र महतो, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि कुंदन कुमार, मटियरिया पंचायत के पूर्व मुखिया प्रत्याशी रामनाथ महतो, गुमास्ता रामबली महतो, रमेश महतो जयप्रकाश उरॉव आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पतिलार मठ परिसर पर महा शिवरात्रि के शुभ अवसर पर शिव विवाह महोत्सव एवं सामूहिक कन्या विवाह सम्पन्न मुख्य अतिथि रहे केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे

लोकतंत्र की आवाज

**क्षितिज राज**

**बगहा** एक प्रखंड स्थित पतिलार पंचायत के मठ परिसर में स्थित पौराणिक शिव मंदिर में महा शिवरात्रि के अवसर पर 10 सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे रहे केन्द्रीय मंत्री ने सभी वर वधुओं को आशीर्वाद दिया और इस नेक काम की प्रशंसा की ' मुखिया प्रतिनिधि डॉ अभिषेक मिश्रा ने माननीय मंत्री को फूल माला और अंगवस्त्रो से सम्मामित किया ' कन्या विवाह कार्यक्रम के संस्थापक श्री श्री 108 श्री भागवत दास फलाहारी बाबा रहे' मुखिया प्रतिनिधि डॉ अभिषेक मिश्रा ने बताया कि फलाहारी बाबा ने इस सामूहिक कन्या विवाह की नीव 6 वर्ष



पूर्व रखी जो एक परंपरा के रूप में प्रतिवर्ष चली आ रही है जिसमें गरीब परिवार की बच्चियों का विवाह किया जाता है और उनको वह सभी आवश्यक वस्तुएं दी जाती हैं जो एक पिता अपने बेटी को देता है' फलाहारी बाबा ने बताया कि प्रतिवर्ष अधिक से अधिक गरीब कन्याओं का विवाह पूरी विधि व्यवस्था के साथ हो इसके लिए हम सदा प्रयास में लगे रहते हैं ' विवाह कार्यक्रम से पहले ढोल नगाड़े गाजे बाजे रथ और सवारी के साथ बारात को निकाला गया जो शिव मंदिर मठ परिसर से होते हुए लगुनहा भठहिया रतवल होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची जिसकी अगवानी मुखिया प्रतिनिधि डॉ अभिषेक मिश्रा के द्वारा किया गया मौके पर स्थानीय विधायक राम सिंह ,बीजेपी जिलाध्यक्ष अचित्य लल्ला, बीजेपी नेता तुषार सिंह, मेरा स्वाभिमान संस्था के दिनेश अग्रवाल, जिला परिषदपति सोनू यादव ,सरपंचपति जगन्नाथ यादव, बलराम राव, ललित राव, गोविंद कुमार सहित तमाम लोग मौजुद रहे

## शिवरात्रि के शुभ अवसर निकाली गई भगवान भोलेनाथ की बारात, रात्रि में हुई 10 गरीब कन्याओं की शादी सम्पन्न

लोकतंत्र की आवाज

**क्षितिज राज**

**बगहा** एक प्रखंड अंतर्गत पतिलार पंचायत के मठ परिसर में हर साल कि भांति इस वर्ष भी शिवरात्रि के शुभ अवसर पर शिव विवाह महोत्सव एवं सामूहिक कन्या विवाह का हुआ आयोजन, बता दें कि श्री 108 श्री महात्यागी भागवत दास जी फलाहारी बाबा के नेतृत्व में हुई शिव विवाह महोत्सव एवं सामुहिक कन्या विवाह सम्पन्न विवाह महोत्सव एवं सामूहिक कन्या विवाह शिवरात्रि के शुभ अवसर भगवान भोलेनाथ की निकाली गई बारात यह बारात मठ परिसर से निकलकर शिवा चौक, पतिलार चैनपुर, लगुनहा, बड़ा लगुनहा, भठईया, रतवल, लक्ष्मीपुर, सीतापार होते हुए फिर भगवान भोलेनाथ की बारात मठ परिसर पर आकर संपन्न हुई वही रात्रि में शिव विवाह महोत्सव एवं 10 गरीब



कन्याओं की शादी भी सम्पन्न हुई। सभी कन्याओं को दान की सामग्री में पलंग , ट्रैंक, पेटी, साइकल, कपड़ा के साथ और ढेर सारी सामग्री कन्याओं को दान में दी गई। वही सामुहिक कन्या विवाह में चौतरवा थाना के एस आई मुकेश कुमार सिंह अपने पुलिस बल के साथ पूरी मुस्तैदी के साथ मौजूद रहे। वही शिव विवाह महोत्सव एवं सामुहिक कन्या विवाह के मौके पर सामूहिक कन्या विवाह के आयोजक श्री श्री 108 श्री महात्यागी भागवत दास जी फलाहारी बाबा, मेरा स्वाभिमान संस्था के अध्यक्ष सह समाज सेवी दिनेश अग्रवाल, केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे, पतिलार पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि डॉ अभिषेक मिश्रा, स्थानीय विधायक राम सिंह, भाजपा नेता तुषार, सरपंच पति जगरनाथ यादव, उप सरपंच पति रामजतन यादव, पूर्व मुखिया धनंजय यादव, जिलापरिषद पति सोनू यादव, समाजसेवी अशोक राव, राजेश कुमार यादव, प्रभाकर कुमार यादव, पंचायत समिति सदस्य राजन ठाकुर, शशि बरनवा ,लललित राव, मदन शाहके साथ भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मोतिहारी: हरसिद्धि में राजद नेताओं की बैठक हुई, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के घोषणा को जन जन तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**

**पूर्वी चम्पारण।** दिनांक 27.02.25 को हरसिद्धि विधान सभा के पूर्व विधायक राजेंन्द्र कुमार राम के आवास पर हरसिद्धि विधानसभा के सभी पंचायत अध्यक्षों की बैठक की गई।जिस ?में तुरकौलिया प्रखण्ड एवं हरसिद्धि प्रखण्ड के सभी पंचायत अध्यक्ष एवं पंचायत प्रभारी मौजूद रहे। बैठक में संगठन को मजबूत करने, बूथ अध्यक्षों के साथ–साथ बूथ कमिटि की बैठक कर माननीय नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के घोषणा को जन–जन तक पहुंचाने की बात की गई। प्रत्येक गाँव में माई बहन मान योजना 2500 वृद्धा पेंशन की राशि 1500 करने, 200 युनिट बिजली बील फ्री देने जैसे घोषणाओं को



घर–घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। इस बैठक में मैं सभी पंचायत अध्यक्षों के साथ–साथ सभी नेताओं ने हरसिद्धि विधान सभा के सभी बूथों को जीतने का संकल्प लिया गया। साथ ही पार्टी के मजबुत साथी मनीष यादव जी के दिवंगत आत्मा के शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। इस बैठक में कन्हैया पाल, राजेन्द्र यादव, संजय यादव, भागीरथ कुशवाहा ( मुखिया ) सहित तमाम नेता एव कमरे आलम, संजय यादव, अंगद यादव, तज्जमुल हुसैन, सचित सिंह कुशवाहा, निशांत गुप्ता, सूरज यादव, गगनदेव राम, शम्भु सहनी, चंद्रिका महतो, इलियास हुसैन, संजय यादव, संजय साह, बिरजू महतो, हीरालाल यादव व अन्य मौजूद थे।

# एपी पाठक ने किया शादियों में शिरकत जोड़ों को दिया आशीर्वाद.

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

बाबू धाम ट्रस्ट के संस्थापक सह भारत सरकार में उंचे उंचे गरिमामयी पदों को सुशोभित करने वाले एपी पाठक इस समय अपने मातृभूमि चंपारण दौरे पर है जहां वो लोगों से मिलन जुलन कार्यक्रम कर रहे और शादियों में शिरकत कर वर वधू को आशीर्वाद दे रहे है। एक स्वस्थ समाज हेतु सम्यक प्रेरणा लेकर एपी पाठक अपने मातृभूमि चंपारण और उसके अधीन नरकटियागंज विधानसभा का सघन दौरा कर रहे है।इसी कड़ी में एपी पाठक अपने बाबु धाम ट्रस्ट के सहयोगी और समाजसेवी सुनील मल्ल के लड़के और युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष की शादी में शामिल हो आशीर्वाद प्रदान किए।साथ ही शादी में आए हुए गणमान्यों, युवाओं और सामाजिक लोगों से मिलकर सभी का



कुशलक्षेम जाने। उन्होंने मिडिया से बताया कि उनका जीवन समाज और समाज में रहनेवाले लोगों के लिए समर्पित है।उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि उनके समय का क्षण क्षण और संसाधनों का कण कण गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा के लिए समर्पित है।आपको ज्ञात हो कि एपी पाठक पिछले डेढ़ दशकों से अधिक समय से एपी पाठक अपने बाबु धाम ट्रस्ट के माध्यम से समाज कार्य और ।ामाजिक गतिविधियों में लिप्त है।एपी पाठक युवाओं को सामाजिक दायित्वों की निर्वहन के साथ उनके कैरियर और परिवार के प्रति समर्पित रहे है।गरीब लड़कियों की शादी अथवा सामूहिक कन्याओं की शादी सब गतिविधियों को एपी पाठक अपने स्तर से करते रहते है।साथ ही एपी पाठक ने बताया कि चंपारण और नरकटियागंज विधानसभा के विकास और सांस्कृतिक विकास के लिए उनके पास विजन और रोडमैप है जिसको वो अपने बाबु धाम ट्रस्ट के माध्यम से मूर्त रूप देने में प्रयासरत है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### देवकुंड मठ से निकाली गई बाबा भोलेनाथ की बारात

गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर,
गोह ( औरंगाबाद ) महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में गुरुवार की शाम देवकुंड मठाधीश कन्हैयानंद पुरी के नेतृत्व में बेहद आकर्षक भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली गई। जिसमें भूत, प्रेत व पिशाच का रूप धारण कर 20 हजार से अधिक लोग बाराती में शामिल हुए। महाशिवरात्रि पर निकाली गई शिव बारात का दर्शन करने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। देवकुंड मठ परिसर से निकली शिव बारात काफी आकर्षक थी ऐसा लग रहा था जैसे मानो देवलोक का नजारा हो। डीजे व बैंड बाजा पर थिरकते हुए श्रद्धालु चल रहे थे। इनके पीछे शिव पार्वती, राधा–कृष्ण, भूत–प्रेत, पिचाश, औघड़ के साथ नृत्य करते कलाकार चल रहे थे। बारात पूरे देवकुंड नगरी का भ्रमण करते हुए नौरंगा गांव से लौटकर बाबा दुधेश्वर नाथ मंदिर परिसर पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दुधेश्वरनाथ मंदिर में विवाह की रस्म अदा की। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार अपने दल–बल के साथ तैनात रहे।

### शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड गया का नाम दर्ज वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में शामिल होने पर जिलाधिकारी ने दी बधाई

गया। रक्तदान के क्षेत्र में शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड गया का नाम दर्ज हुआ वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में शामिल इसकी प्रशंसा करते हुए गया जिला पदाधिकारी गया डॉ त्यागराजन एसएम ने शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड गया से जुड़े सभी रक्तदाता को बधाई दी और स्वस्थ जीवन की कामना की है इसके साथ ही साथ शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड गया के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनी कुमार वर्मा और संरक्षक अनन्तधीश अमन को भविष्य में संस्था शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड गया और रक्तदाता के साथ गया जिला प्रशासन हमेशा साथ है खड़ी है। गया जिला के नागरिक से निवेदन है कि शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड गया का आने वाले 23 मार्च 2025 के रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़ कर रक्तदान करे और लोगों का जीवन बचाए।इस मौके पर मौजूद शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड गया के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनी कुमार वर्मा
और संरक्षक अनन्तधीश अमन मौजूद थे।

### पंचायत समिति की बैठक में 95 लाख 60 हजार रूपये का योजना हुई स्वीकृत

राजेश कुमार सिन्हा
रजौली। प्रखंड परिसर स्थित सभागार में गुरुवार की दोपहर प्रखंड प्रमुख सरोज देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक सम्पन्न हुई।इस दौरान बीडीओ संजीव झा, सीओ मो. गुफरान मजहरी, मनरेगा पीओ नीरज कुमार त्रिवेदी, सीडीपीओ सीता कुजूर, उपप्रमुख विनोद राजवंशी, पीएचसी मैनेजर इरशाद अहमद के अलावे अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।पंचायत समितियों के सामान्य बैठक के दौरान 15वीं वित्त आयोग/षष्टम राज्य वित्त आयोग/पंचम राज्य वित्त आयोग ली जानेवाली योजना पर विचार विमर्श किया गया।इस दौरान 95 लाख 60 हजार रूपये की योजना को पारित किया गया।वहीं आंगनबाड़ी को लेकर उठाए गए सवाल पर सीडीपीओ सीता कुजूर ने बाल विकास परियोजना और राज्य सरकार के स्तर पर चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से बैठक में जानकारी दी।इसके अलावा सदस्यों ने बिजली, सिचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा, मनरेगा योजना, जीविका, बैंक, जन्म–मृत्यु, नल–जल, सड़क, पुल–पुलिया समेत अन्य मुद्दों को उठाया।सदस्यों के स्तर पर उठाए गए मुद्दों को पदाधिकारियों ने जवाब दिया एवं प्रस्ताव में लिया गया।

### मोतिहारी में राजद के राष्ट्रीय महासचिव का नेताओं ने किया जोरदार स्वागत

पूर्वी चम्पारणः मोतिहारी के टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में बिहार विधानसभा परिषद एवं राजद के राष्ट्रीय महासचिव सैयद फैसल अली का राजद नेताओं ने जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान राजद के सभी वरीय नेता समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनको पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर राजद के प्रधान महासचिव व्यवसायिक प्रकोष्ठ सह 15 केसरिया विधानसभा के नेता विनोद कुमार गुप्ता भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम के दौरान आगामी चुनावी मुद्दों पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। एवं पार्टी नेताओं को बुथ स्तर पर कार्य करने लिए आह्वान किया गया। इस दौरान राजद के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थें।

# पीड़िता से मिलने ब्राह्मण महा सभा के संगठन के लोग हॉस्पिटल में पहुंच लोगों को आश्वासन दिया और प्रशासन के प्रति रोष प्रकट किया

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पीड़ित परिवार को आश्वाशन दिया कि हम सारे लोग तन मन धन से आपके साथ हैं**



**नवादा** ।पड़रिया नारदीगंज कांड की पीड़िता ललिता देवी पूनम पाण्डेय एवं अन्य जख्मी लोगों का हाल चाल लेने के लिए इंजीनियर आशुतोष झा संयोजक राष्ट्रीय ब्राम्हण महासभा अपने संगठन के पटना नालंदा गया के पदाधिकारियों एवं अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा नवादा के पदाधिकारियों संग धर्मशिला हॉस्पिटल नवादा पहुंचे उनके साथ ऋषिकेश गुर्दी अजीज तिवारी, राकेश तिवारी शारदानंद मिश्रा अभिनन्दन पाण्डेय ब्रजेश पाण्डेय एवं अन्य लोग मौजूद थे।इंजीनियर अशुतोष झा ने पीड़ित परिवार को आश्वाशन दिया कि हम सारे लोग तन मन धन से आपके साथ हैं।हम सब हर संभव मदद करेंगे आप अपने आप को अकेला नहीं समझे।झा ने कहा कि महिलाओं के साथ कुकृत्य को करने वाले अपराधी के विरुद्ध हम सभी मिलकर लड़ेंगे एवं इसे परास्त करेंगे।बिहार के अलावे उत्तरप्रदेश एवं दिल्ली के ब्राह्मण नेता आपसे मिलने यहां तक आएंगे और अपने स्तर से सभी मदद करेंगे।उन्होंने कहा कि स्थानीय पुलिस का रवैया ठीक नहीं है एवं उनकी अपराधियों से मिली भगत है इस संबंध में पुलिस अधीक्षक नवादा एवं पुलिस महानिदेशक पटना को पत्र दूंगा।इस मौके पर प्रोफेसर बच्चन पाण्डेय अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के महासचिव पाण्डेय अभिमन्यु कुमार, जिला अध्यक्ष श्याम सुंदर पाण्डेय उपाध्यक्ष विनोद पाण्डेय, कार्यालय सचिव विद्याधर पाण्डेय, पाण्डेय अमरेन्द्र कुमार, सर्वजीत शांडिल्य ,रामाशीष पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय सक्रिय रुप से उपस्थिति थे।

## सुपौल में पेड़ से लटका मिला युवती का शव, इलाके में फैली सनसनी



**लोक तंत्र कीआवाज**

**सुपौल।** सदर थाना क्षेत्र के सिहे पंचायत स्थित एक बगीचे में एक युवती का शव पेड़ से लटका मिला. घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई. ग्रामीणों ने तुरंत इसकी जानकारी सदर थाना पुलिस को दी. सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतका की पहचान महुआ निवासी सब्बरू सादा की बेटी सोनम कुमारी के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, करीब चार दिन पहले सोनम अपनी मौसी के घर सिहे आई थी. मंगलवार को दोपहर करीब एक बजे से वह लापता थी. जब गांव की महिलाएं बगीचे में घास काटने गईं, तो उन्होंने पेड़ से लटकी हुई एक लड़की को देखा. इसके बाद उन्होंने तुरंत ग्रामीणों को सूचना दी, जिससे मौके पर भारी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी है. सदर थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मृतका के परिजनों के आने का इंतजार किया जा रहा है।

## चैलेंजर कप क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल शांति निकेतन बेगुसराय विजेता



**लोकतन्त्र की आवा**

**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** प्रखंड के प्रगति मैदान में चैलेंजर कप क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल का पहला मैच शांतिनिकेतन बेगूसराय वर्सेस कलयुग स्टार जगदीशपुर के बीच खेला गया ।टॉस जीत कर पहले बैटिंग करते हुए शांति निकेतन की टीम निर्धारित 16 ओवर में 243 रन बनाई ।जवाब में कलयुग स्टार की टीम ने 15 , 5 ओवर 227 रन बना करके ऑल आउट हो गई । शांति निकेतन बेगुसराय की टीम ने 16 रन से मैच जीते। मैंन ऑफ द मैच का किताब मनोज गुर्जर को दिया गया ।जिसने शानदार चार विकेट लिए और 18 रन भी बनाए ।आज के मैच के अंपायर में प्रकाश कुमार और पवन कुमार थे। कमेंटेटर में चंदन कुमार शर्मा स्कॉलर में ऋषि कुमार थे।

## देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार युवक एवं पुलिस बल फेसबुक स्टोरी पर देशी कट्टा और रामपुरी चाकू के साथ वायरल वीडियो को लेकर पुलिस ने कट्टा किया जब्त,दो आरोपी गिरफ्तार

**लोकतंत्र की आवाज**



**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** थाना क्षेत्र के अमावां गांव के एक युवक द्वारा देशी कट्टा एवं रामपुरी चाकू का वीडियो फेसबुक स्टोरी पर डालने के बाद पुलिस ने देशी कट्टा के साथ दो युवकों गिरफ्तार किया।थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि गुरुवार की अहले सुबह एक वायरल वीडियो मिला, जिसमें एक चाकू एवं देशी कट्टे के साथ एक युवक का हाथ दिखाई दे रहा था।वायरल वीडियो को लेकर एक विशेष टीम बनाया गया, टीम में मेरे अलावे थाने में पदस्थापित एसआई पिंकी कुमारी एवं एएसआई अमित कुमार वर्मा के साथ सशस्त्र पुलिस बल मौजूद रहे।थानाध्यक्ष ने कहा कि वायरल वीडियो में निहाल राज नाम से एक आईडी पर वीडियो पोस्ट किया गया था।फेसबुक आईडी की पड़ताल किये जाने पर आईडी अमावां गांव निवासी जगदीश राजवंशी के पुत्र निहाल कुमार का निकला।निहाल कुमार को पकड़कर पूछताछ करने के दौरान बताया गया कि उक्त वीडियो में अमावां गांव के ही महेंद्र राजवंशी के पुत्र प्रवेश राजवंशी है।निहाल कुमार के निशानदेही पर प्रवेश राजवंशी को पकड़ा गया और देशी कट्टा बरामद किया गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त देशी कट्टा के साथ दोनों युवकों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है।वहीं गिरफ्तार लोगों को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# पीरपैंती:बेटा हुआ लापता,पत्नी का रो रो कर बुरा हाल

**लोकतंत्र की आवाज**



**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** सुमित कुमार उम्र 35 वर्ष, पिता वकील प्रसाद साह, घर द्रुपद ,थाना परैयाहाट घर से गायब हो गए हैं ।माता–पिता ,पत्नी सास ससुर सहित पूरे परिवार की हालत खराब है।रो रो कर सभी का बुरा हाल है। पत्नी सुजाता कुमारी ने बताया कि प्रत्येक दिन वह काम करने जाते थे और शाम को वापस आ जाते थे। लेकिन 30,1 ,25 को वह काम करने गए और लौटकर के वापस नहीं आए ।आसपास में काफी खोजबीन करने के बाद भी पता नहीं चला। तब बाराहाट निवासी उनकी पत्नी सुजाता कुमारी ने थाना में तनहा दर्ज कराते हुए अपने पति की बरामदी की गुहार लगाई।पूरे परिवार का रो रो का बुरा हाल है ।परिवार वाले ने भी सूचना दी है कि पता लगा कर लाने वाले पुरस्कार भी दिया जाएगा ।पत्नी ने बताया कि कुछ दिन से उनके दिमागी हालत ठीक नहीं लग रही थी ।इसी दौरान पता चला कि भागलपुर में 15 दिन तक रहे ,लेकिन जब परिजनों वहां खोजने गए तो वहां भी उनका पता नहीं चला । उनका मोबाइल भी स्वीच ऑफ बता रहा है।

## होली के शुभवसर पर मानदेय का भुगतान स्वच्छता कर्मी संग पर्यवेक्षक को संभवतः नहीं

**लोक तंत्र कीआवाज**



**लखीसराय –** प्रत्येक साल की भांति इस साल भी होली के शुभवसर पर मानदेय का भुगतान स्वच्छता कर्मी संग पर्यवेक्षक को नहीं किया जा सकता है इसकी मुख्य वजह डोंगल का हैंग कर जाना है। ज्ञात हो कि स्वच्छता कर्मी के पैसे को लेकर लगातार कहीं न कहीं एक नई मुसीबत खड़ी होती रहती है और जब मामला घिर आता है तो इस मामले को शांत करने को लेकर अधिकारी कहीं ना कहीं इन लोगों को बहलाने फुसलाने का काम करते हैं। इसी क्रम में गुरुवार 27 फरवरी की दोपहर बीडीओ के साथ एक बैठक की गई जिनमें पंचायत के लेखापाल और पंचायत सचिव नहीं पहुंचे।वही इस संबंध में स्वच्छता प्रखंड समन्वयक स्मिता रानी से भी बात की गई पर निष्कर्ष कुछ नहीं निकल पाया। इस संबंध में स्वच्छता पर्यवेक्षक ने कहा कि हमलोगों को ऑफिशियली जो कार्य होता हैं उसे लिया जाता है और रिपोर्टिंग किया जाता है पर जब स्वच्छता कर्मी का मानदेय जो 3000 है इसको लेकर बात की जाती है तो वह भी दूज का चांद ही हो गया होता है।वही लेखापाल को जब बोला जाता है तो वे कहते है कि ऊपर से इशू आ रहा है। अब सवाल उठता है कि आखिर इस तरीके से कार्य होने पर कितने संतुष्टि मिल पाएगी क्या इन पैसों के लिए इन लोगो को हर बार आस लगाए रखना होगा और इनके आस पर पानी फिर जाएगा। वही इस दौरान खुटुकपार कुंदन कुमार, इंटोंन जैकी कुमार, संग्रामपुर सचिन कुमार, जानकीडीह सुबोध कुमार, भलुई बृजेंदु कुमार, महेशलेटा जयराम कुमार उपस्थित थे।

## वीर सपूत चंद्रशेखर आजाद को बिहपुर में खिलाड़ीयों ने किया याद

**लोकतंत्र की आवाज**



**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर,,,,** नवगछिया पुलिस जिला बाल बैडमिंटन संघ के तत्वाधान में गुरुवार को रेलवे ईंजीनियरींग मैदान, बिहपुर में 94 वीं पुण्यतिथि पर मां भारती के वीर सपूत चंद्रशेखर आजाद को याद कर श्रद्धांजलि दिया गया।श्रद्धांजलि कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिला सचिव ज्ञानदेव कुमार ने किया।इस मौके पर ज्ञानदेव ने कहा कि 23 जुलाई 1906 में जन्मे आजाद ने वर्ष 1931 में आज ही के दिन मुठभेड़ के दौरान अंग्रेजों के गोली से मरने की बजाय खुद को गोली मारने का विकल्प चुना।जिस जगह पर उन्होंने अपनी जान को मां भारती के लिए कुर्बान कर दिश।वो जगह इलाहबाद में अल्फ्रेड पार्क ऐतिहासिक स्मारक बन गया।जो अब इस पार्क को चंद्रशेखर आजाद पार्क के नाम से जाना जाता है।इस मौके पर अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी राहुल कुमार व अंकित कुमार शर्मा, राष्ट्रीय खिलाड़ी राजीव कुमार, राजा कुमार, आशीष उर्फ सन्नी कुमार, अभिषेक कुमार, पुष्कर कुमार, सूरज कुमार, गुलशन कुमार, चिक्कू कुमार, प्रिंस कुमार रजनीश कुमार, साक्षी कुमारी, अभिलाषा कुमारी, मौसम कुमारी, शीतल कुमारी, मनीषा कुमारी व आदित्य राज कुमार आदि खिलाड़ियों ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर बलिदान दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि दिया।

## रजौली:60 बोतल विदेशी शराब एवं बियर के साथ पांच लोग गिरफ्तार,दो बाइक जप्त

**लोकतंत्र की आवाज**



**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद वालों ने 60 बोतल विदेशी शराब एवं बियर के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया।साथ ही दो बाइकों को जप्त किया गया है।उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि बिहार मद्द निषेध को लेकर समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों के सहयोग से झारखंड की ओर से आने वाली सभी वाहनों की सघन जांच की जाती है। इस जांच टीम का नेतृत्व उत्पाद एसआई बब्लू कुमार द्वारा किया जा रहा है। बीते बुधवार को दो बाइकों बीआर21एन7130 एवं बीआर01एचएच 1427 पर सवार कुल तीन लोगों को शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार लोगों में नालंदा जिले के नूरसराय थाना क्षेत्र के लखीचक गांव निवासी ओम प्रकाश कुमार के पास से 30.375 लीटर विदेशी शराब एवं पटना जिले के धनरूआ थाना क्षेत्र के वीर गांव निवासी सचिन कुमार एवं मुंगेर जिले के धरहरा थाना क्षेत्र के पचरुखी गांव निवासी गोविंद कुमार गुप्ता के पास से 1.5 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया।वहीं दूसरी ओर गुरुवार की अहले सुबह शराब के साथ बस से यात्रा करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों में समस्तीपुर के मोहम्मद मोहम्मद के पास से 4.875 लीटर विदेशी शराब एवं नवादा के अंशु कुमार के पास से 1.125 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया।उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जप्त शराब व बाइक के अलावे गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।वहीं स्वास्थ्य जांच के बाद चारों गिरफ्तार लोगों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### महादलित परिवार ने चौकीदार द्वारा जबरन मारपीट किये जाने को लेकर एसपी को सौपा ज्ञापन

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवादाता। चिरैया थाना क्षेत्र के वार्ड 11 निवासी मो सीता देवी पति राजकुमार सादा उर्फ राजेश सादा ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौप कर चौकीदार के विरुद्ध कड़ी कारवाई की मांग की है। दिये गए आवेदन में कहा कि मेरे पति राजेश सदा पिता स्व लखन सादा के नाम से मौजा चिड़ैया, थाना न०- 257 अंचल सलखुआ जिला सहरसा अंदर खाता- 493 खेसरा- 2008 रकवा- 2% डी० भूमि जमीन बंदोबस्त से प्राप्त हैं। इंदिरा आवास से छत ढलाई तक मकान बना हुआ हैं। शेष जमीन परती हैं। स्थानीय चौकीदार मनोज पासवान पिता स्व० भुल्लू पासवान, गीता देवी पति- मनोज पासवान, मखर पासवान, कृष्णा पासवान, रौशन पासवान तीनो पिता- मनोज पासवान सभी साकिन चिड़ैया वार्ड न० 11 थाना चिरैया जिला सहरसा के रात्रि में लाठी, फट्टा देशी हथियार लेकर घर घुस गया। सभी मिलकर मारपीट करते हुए मेरे पति का सिर फोड़ दिया। घर में आग लगा दिया। घर का सामान कपड़ा जलकर राख हो गया। आवेदन चिड़ैया थाना में दिया केस नहीं किया गया। मनोज पासवान चिड़ैया थाना में चौकीदार हैं। उनकी पत्नी थाना में खाना बनाती हैं। अवैध संबंध हैं। मनोज पासवान गाली-गलौज करते हुए कहा सरकारी जमीन लेकर राजा बन गया हैं। सभी मुशहर को बारी बारी से मारपीट कर भगा देंगे। मैं चौकीदार हूँ। प्रशासन मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकता हैं। मेरे जमीन से कोई सरोकार मनोज पासवान को नहीं हैं। मनोज पासवान की पत्नी गीता देवी ने मेरे पति एवं मेरे जमीन पर रह रहे लोगो का नाम झूठा केस में दिया हैं। मनोज पासवान सरेआम बोलता हैं कि तुम्हारे पति, तुम्हारे बूढी सास बाल बच्चा का सामूहिक हत्या कर देंगे। स्थानीय प्रशासन भी चौकीदार मनोज पासवान का खुलेआम एवं गुप्त रूप से मदद करते हैं। मेरी बात नहीं सुनते हैं डाट फटकार कर भगा देते हैं। ऐसे में महादलित परिवार ने अपनी सुरक्षा तथा दोषी लोगों के विरुद्ध कड़ी कारवाई की मांग की है। इस मौके पर सीता देवी चन्द्रकला देवी राजकुमार सादा सहित अन्य मौजूद थें।

### भरगामा में फरार हत्यारोपितों के घर पर इश्तेहार चिपकाए गए, कुर्की की चेतावनी



लोक तंत्र कीआवाज

डा. रूद्र किंकर वर्मा

भरगामा। भरगामा थाना क्षेत्र के सिरसियाकला पंचायत के पोठिया गांव और पैकपार पंचायत के बिंदेश्वरी यादव के घर गुरुवार को पुलिस ने बैंड बाजे के साथ इश्तेहार चिपकाए। यह इश्तेहार उन फरार हत्यारोपितों के खिलाफ था, जिनमें संजय यादव, शंभू यादव, अजय यादव, संजय यादव और विजय यादव शामिल हैं। इन आरोपियों पर हत्या का आरोप है और ये लंबे समय से फरार चल रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों के घरों पर चिपकाए गए इश्तेहार के माध्यम से उन्हें आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। यदि वे इश्तेहार का तामिला होने के बावजूद सरेंडर नहीं करते, तो पुलिस न्यायालय के आदेश पर उनकी संपत्ति की कुर्की करेगी। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि संजय यादव के खिलाफ 2024 में हत्या का मामला दर्ज हुआ था और तब से वह फरार है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हलचल मच गई है, क्योंकि इस तरह से इश्तेहार चिपकाने का तरीका आमतौर पर देखा नहीं जाता है। पुलिस का उद्देश्य आरोपियों पर दबाव बनाना और उन्हें जल्द से जल्द कानून के हवाले करना है।

### शिव विवाह में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

लोकतंत्र की आवाज

सिमरी बख्तियारपुर। सिमरी बख्तियारपुर नगर परिषद क्षेत्र के हटिया गाछी स्थित रामेश्वर नाथ शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार रात पूजा अर्चना एवं शिव विवाह का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। महाशिवरात्रि बुधवार को पंचग्रही व शिव योग में मनाई गई। बुधवार की रात बनारस के पंडित अनिल कुमार एवं शिवा पांडे के सानिध्य में यजमान बिनोद कुमार भगत, धीरज भगत, विकास भगत, मंजू गुप्ता, गुड़िया देवी एवं सोनी देवी के द्वारा किया गया। मौके रामेश्वर बाबा को चांदी का मुकूट भी पहनाया गया। मौके पर डॉ उमेश भगत, शंकर भगत, मिथिलेश भगत, विनोद भगत, उमेश भगत, श्रवण भगत, बीरेंद्र भगत, धीरज भगत, रवि भगत, ननकी भगत, मुकुंद भगत, सनी टुनटुन आदि सहित अन्य ने सक्रिय योगदान दिया।

## डॉ. शत्रुघ्न मंडल ने हरियाणा और पंजाब के विभिन्न महानगरों में रह रहे सिकटी विस के प्रवासी श्रमिकों से किया मुलाकात

लोक तंत्र कीआवाज



- राजद नेता डॉ. मंडल ने प्रवासी मजदूरों के मुद्दों पर की चर्चा, सिकटी विधानसभा में रोजगार और विकास के अवसर बढ़ाने पर दिया जोर

सिकटी। बिहार के सिकटी विधानसभा क्षेत्र (अररिया) के प्रवासी श्रमिकों और कामगारों से मिलकर उनकी समस्याओं को समझने के लिए राजद नेता डॉ. शत्रुघ्न मंडल ने हाल ही में हरियाणा और पंजाब के प्रमुख शहरों का दौरा किया। इस दौरे के दौरान उन्होंने लुधियाना, अमृतसर, चंडीगढ़, सोनीपत और पानीपत में जाकर सिकटी क्षेत्र के प्रवासी श्रमिकों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं पर गहन चर्चा की। डॉ. मंडल ने प्रवासी मजदूरों से कहा, ₹आपकी मेहनत और संघर्ष को हम पूरी तरह से समझते हैं। आप यहां अपने परिवार की भलाई के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन आपकी समस्याओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता। हम आपकी आवाज को राज्य सरकार और पार्टी नेतृत्व तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**प्रवासी श्रमिकों की समस्याओं पर गहरी चर्चा :** डॉ. शत्रुघ्न मंडल ने प्रवासी श्रमिकों के साथ मुलाकात में उनके सामने आने वाली प्रमुख समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। इन समस्याओं में मुख्य रूप से मजदूरी का सही समय पर भुगतान न होना, काम करने की असुरक्षित स्थिति, रहने और खाने की कठिनाइयां, और स्थानीय प्रशासन से सहयोग की कमी शामिल थीं। उन्होंने बताया कि सिकटी विधानसभा क्षेत्र से हजारों श्रमिक रोज़गार की तलाश में पंजाब और हरियाणा आते हैं, लेकिन उन्हें वहां विभिन्न प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। डॉ. मंडल ने कहा, ₹सिकटी के मेहनती लोग जब तक अपने घरों में रहेंगे, तब तक कोई समस्या नहीं होगी, लेकिन जब उन्हें परदेश में अपने हक के लिए संघर्ष करना पड़े तो यह हमारे लिए चिंता का विषय है। हमारी कोशिश होगी कि सिकटी क्षेत्र में रोजगार के बेहतर अवसर दिए जाएं ताकि प्रवासी श्रमिकों का पलायन कम हो सके।

**जालंधर में विशेष बैठक और समाधान पर जोर:** हरियाणा और पंजाब के विभिन्न शहरों में प्रवासी श्रमिकों से मुलाकात करने के बाद डॉ. शत्रुघ्न मंडल जालंधर पहुंचे, जहां उन्होंने सिकटी विधानसभा क्षेत्र के मुद्दों पर अपने सहयोगियों के साथ एक विस्तृत बैठक की। इस बैठक में उन्होंने सिकटी क्षेत्र के प्रवासी मजदूरों की समस्याओं पर गहन विचार-विमर्श किया और इन समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की बात की। डॉ. मंडल ने बैठक के दौरान कहा, ₹सिकटी क्षेत्र के लोगों को अपनी मेहनत का उचित इनाम मिलना चाहिए। अगर उन्हें अपने ही क्षेत्र में रोजगार के अवसर मिलें, तो उन्हें बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। हम मिलकर एक ऐसा सिकटी बनाएंगे जहां हर व्यक्ति को अपने प्रयासों का उचित सम्मान और अवसर मिले।₹

**प्रवासी मजदूरों के लिए डॉ. मंडल का संकल्प:** डॉ. शत्रुघ्न मंडल ने प्रवासी श्रमिकों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं को लेकर वे राज्य सरकार और पार्टी नेतृत्व से बातचीत करेंगे और जल्दी ही एक ठोस समाधान निकाला जाएगा। उन्होंने कहा, ₹हमारे लक्ष्य के मुताबिक सिकटी विधानसभा क्षेत्र में रोजगार के अवसरों का विस्तार करना हमारी प्राथमिकता होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह समय है जब हम अपने क्षेत्र के विकास के लिए पूरी तरह से एकजुट होकर काम करें, ताकि पलायन को कम किया जा सके और श्रमिकों को अपने ही इलाके में सम्मानजनक जीवन जीने के अवसर मिलें।

**स्थानीय समुदाय ने किया डॉ. मंडल का स्वागत :** डॉ. शत्रुघ्न मंडल के इस दौरे को सिकटी विधानसभा क्षेत्र के प्रवासी श्रमिकों और स्थानीय समुदाय द्वारा बहुत सराहा गया। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयासों से ही उनकी समस्याओं का समाधान हो सकता है और उन्हें अपने अधिकार मिल सकते हैं। इस दौरे के दौरान डॉ. मंडल के साथ कई प्रमुख स्थानीय नेता और सहयोगी भी मौजूद रहे, जिन्होंने प्रवासी मजदूरों की समस्याओं को उठाने में उनका साथ दिया और सुनिश्चित किया कि इन मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा।

## मुख्य सचिव ने दिए लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि के लिए ठोस कारवाई का निर्देश : वैभव चौधरी, जिलाधिकारी



लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवादाता। बिहार सरकार के मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए स्थानीय जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों से जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं की अद्यतन जानकारी हासिल किया। जिसमें मुख्य रूप से राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, जनसंपर्क विभाग, खनन, खेल विभाग, गृह विभाग, परिवहन विभाग, विधि विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहित अन्य विभागों में किए जा रहे कार्यों और उक्त विभाग में संचालित योजनाओं की अद्यतन जानकारी हासिल किया था। उन्होंने जिलावार विस्तृत समीक्षा किया था। जिसके बाद कई आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत किए थे।

जिलाधिकारी वैभव चौधरी ने बताया कि वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान मुख्य सचिव द्वारा कब्रिस्तानों की घेराबंदी, मंदिर की चहारदीवारी निर्माण योजना क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति, लंबित एवं निष्पादित कांडों की अद्यतन स्थिति, जाति आधारित गणना से संबंधित लंबित डीसी विपत्रों की वर्तमान स्थिति, बजट से संबंधित मामले, जिला स्तर पर समाहरणालय संवर्ग में तृतीय एवं चतुर्थ स्तर पर रिक्ति की विवरण, सीपी ग्राम, जनशिकायत से सम्बंधित लंबित मामलों की अद्यतन क्रियान्वयन स्थिति, पंचायतों में खेल मैदान, खेल क्लब गठन की वर्तमान क्रियान्वयन स्थिति की जानकारी लिया था।साथ ही प्रमंडलीय मुख्यालय में खेल अवसंरचना निर्माण, खेल भवन सह व्यायामशाला निर्माण की वर्तमान क्रियान्वयन स्थिति, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजनांतर्गत प्राप्त आवेदनों के विरुद्ध निष्पादित आवेदन, ओवरलोडेड वाहनों के विरुद्ध किए जा रहे कार्रवाई आदि के संदर्भ में समीक्षा किया था। उन्होंने आगे बताया कि विभागीय सचिव द्वारा दिए गए लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हेतु ठोस कारवाई का निर्देश दिया गया था। बैठक में जिलाधिकारी वैभव चौधरी, अपर समाहर्ता संजीव कुमार चौधरी, सिमरी बख्तियारपुर डीसीएलआर, उप निदेशक जनसंपर्क, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधउपस्थित थे।

## सहरसा: श्री नारायण मेडिकल इंस्टिट्यूट एंड हॉस्पिटल में एम आर आई की सुविधा प्रारम्भ

लोकतंत्र की आवाज



सहरसा संवादाता। श्री नारायण मेडिकल इंस्टिट्यूट एंड हॉस्पिटल की ओर से कोसी वासियों को एम आर आई की सुविधा मिलने लगी है। बताते चलें कि श्री नारायण हॉस्पिटल की तरफ से अत्याधुनिक एम आर आई की सुविधा मिलने से कोसीवासियों को बहुत बड़ी राहत मिली है। एम आर आई कराने के लिए कोसी के लोगों को बाहर नहीं जाना पड़े इसलिए मेडिकल कॉलेज की तरफ से शिवरात्रि के शुभ अवसर पर एम आर आई की सुविधा आम आदमी को उपलब्ध कराई गई है।

हॉस्पिटल में हार्ट, यूरो, न्यूरो और बच्चों के सर्जरी जैसे महंगे ईलाज के लिए आयुष्मान की सुविधा मिलने से रोगियों को बहुत बड़ी राहत मिली है। संस्थान के संस्थापक आर के सिंह और श्रीमती कामेश्वरी कुमारी का एक हीं सपना है। कोसी इलाके के रोगियों को किसी भी तरह के ईलाज के लिए बाहर जाना ना पड़े। आधुनिक सुविधा के साथ उत्तम उपचार की सुविधा हर तबके को मिले। इस अवसर पर श्री नारायण मेडिकल इंस्टिट्यूट एंड हॉस्पिटल के सभी डॉक्टर एवं टेक्निसियान तथा मेडिकल सहयोगी मौजूद रहे।

## बैजनाथपुर और मनोरा ओवरब्रिज निर्माण पूर्ण करने का जिलाधिकारी ने दिया निर्देश

लोकतंत्र की आवाज



सहरसा संवादाता। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिलांतर्गत निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच 107 और - एनएच -327ई) की अद्यतन क्रियान्वयन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई थी। जिसके दौरान कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे। जिलाधिकारी वैभव चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग - 107 समीक्षा में जानकारी मिली थी की बैजनाथपुर और सोनवर्षा राज स्थित मनोरा ओवरब्रिज निर्माण कार्य से संबंधित एजेंसी और तकनीकी पदाधिकारी द्वारा योजना पूर्ण करने की निर्धारित अवधि की तुलना में प्रगति असंतोषजनक है।उनके कार्य पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्धारित अवधि मार्च 25 के अंत तक दोनों कार्य को पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया गया था। लापरवाही बरतने पर संबंधित कार्यकारी एजेंसी पर प्राथमिकी दर्ज कर कारवाई की जाएगी।

उन्होंने आगे बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 107 के क्रियान्वयन - की प्रगति धीमी होने पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया था। जबकि बैठक में मौजूद राष्ट्रीय राजमार्ग - 107 से संबंधित कार्यकारी एजेंसी द्वारा जानकारी दी गई थी कि बरियाही और बल्खी मौजा से संबंधित कुछ रैयतों द्वारा भू अर्जित भूमि खाली नहीं करने के फलस्वरूप योजना के सुचारु क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न हो रही है। जिसके बाद सदर अनुमंडल पदाधिकारी और सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल पदाधिकारी को अविलंब आवश्यक कारवाई करने का निर्देश दिया गया था। उन्होंने आगे बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग - 327 ई की समीक्षा में अवगत कराया गया था कि पटोरी और बिहरा मौजा से संबंधित रैयतों को अवॉर्ड घोषित करने का निर्देश जिला भू अर्जन पदाधिकारी को दिया गया था। ताकि तीन किलोमीटर के लंबे भूखंड को कार्यकारी एजेंसी को योजना क्रियान्वयन के लिए हस्तांतरित किया जा सके। जिलाधिकारी द्वारा साप्ताहिक स्तर पर उक्त वर्णित योजना से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन करने -का निर्देश दिया गया था। साथ ही संबंधित कार्यकारी एजेंसी को जून -25 तक कार्य पूर्ण करने की दिशा में ठोस कारवाई का निर्देश दिया गया। बैठक में संबंधित तकनीकी पदाधिकारी, डीएलएओ, -कार्यकारी एजेंसी प्रतिनिधि सहित-अन्य उपस्थित थे।

## टीबी मुक्त कार्यक्रम के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

प्रवीण कुमार



कटिहार। मेडिकल कॉलेज कटिहार में टीबी मुक्त कार्यक्रम के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन का शुभारंभ कर दीप प्रज्वलित कर डॉक्टर अशरफ रिजवी सीडीओ, डॉक्टर आरबी गुप्ता प्रिंसीपल, डॉ आशुतोष झा, डॉक्टर सदन सदफ, डॉक्टर आरिफ डॉ पूर्णेंदु कुमार ने किया संयुक्त रूप किया।

कार्यक्रम का स्वागत करते हुए डॉ कौशेन अहमद रजा ने सभी का परिचय करते हुए टीबी के बारे में विस्तार पूर्वक से सभी पीजी स्टूडेंट के बीच में चर्चा किया। डॉ अशफाक रिजवी ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जानकारी दिया कि कटिहार मेडिकल कॉलेज में टीबी मुक्त कार्यक्रम सफलतापूर्वक किया जा रहा है। यहां पर जो भी मरीज मेडिकल कॉलेज में आ रहे हैं उनको मुफ्त की दवा एवं भारत सरकार के द्वारा पोषण योजना का भी लाभ दिया जा रहा है।

अतः ज्यादा से ज्यादा टीबी मरीज को खोज कर टीवी मुक्त भारत करने में हम सभी को पूरा सहयोग करना चाहिए। उन्होंने ने जानकारी दिया कि जल्द ही मेडिकल कॉलेज में भी मशीन की स्थापना की जायेगी, जिस से मरीज का जांच जल्दी हो पायेगा।डॉक्टर इसफाक नजीर बट्ट कंसलटेंट ने सभी पीजी स्टूडेंट एवम् इंटर्नस को टीबी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया तथा उन्होंने बि पाल रेजीमेंन के बारे में भी जानकारी दी।जो कि ड्रग रेजिस्टेंट टीबी का नया ट्रीटमैन रेजीमेंन है जो अप्रैल से प्रारंभ किया जायेगा।साथ ही साथ उन्होंने बताया कि ८ टीबी की जांच टीबी मरीजों के परिजन को किया जाना है।पोजिटिव आने पर टीबी प्रिवेंट थेरेपी दी जानी है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा टीबी मरीज के कॉन्ट्रैक्ट जांच होना चाहिए ताकि टीबी को फैलने से रोका जा सके।डॉ आशुतोष झा ने निश्चय मित्र बनकर टीबी मरीजों को सहायता प्रदान करने के बारे में जानकारी दिया। बारह डॉक्टर ने आज निश्चय मित्र बनने की सहमति प्रदान किया डॉ सदन सद्दाफ ने जानकारी दिया कि कटिहार मेडिकल कॉलेज में कटिहार में सबसे ज्यादा टीबी मरीज को खोजा गया एवं उसका इलाज किया जा रहा है। इस वर्ष 2024 में कटिहार मेडिकल कॉलेज से 947 मरीजों को खोजा जा चुका है। जिसमें 721 पल्मोनरी, 226 एक्स्ट्रा पल्मोनरी, एवम् 78 बच्चों के टीबी अन्य टीबी खोज गया। इस दौरान डॉ अमजद जिया मल्लिक, डॉ कहकशा, डॉ माजिया, डॉ अंजुम रब, डॉ एम एम हक, सहित सभी पीजी स्टूडेंट्स एवं इंटर्नस उपस्थित रहे।

## पवन मिश्रा किशनगंज में जदयू जिला संगठन प्रभारी नियुक्त, पार्टी के 225 सीटों के लक्ष्य को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश

लोक तंत्र कीआवाज



- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में 2025 विधानसभा चुनाव के लिए जदयू ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में उठाया अहम कदम

किशनगंज। बिहार में विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारी के साथ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए बड़े कदम उठाए हैं। इसी कड़ी में फारबिसगंज निवासी पवन मिश्रा को किशनगंज जिले का जिलासंगठन प्रभारी नियुक्त किया गया है। पवन मिश्रा की नियुक्ति पार्टी की ओर से एक रणनीतिक निर्णय के रूप में देखी जा रही है, जो आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है।

पवन मिश्रा ने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को स्वीकार करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा और सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ₹यह जिम्मेदारी बेहद अहम है, खासकर जब हम 2025 के विधानसभा चुनाव के लिए 225 सीटों का लक्ष्य निर्धारित कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे कार्यकर्ता और नेता इस लक्ष्य को प्राप्त करने में पूरी तरह से समर्पित रहेंगे, और आम लोगों का भरोसा एनडीए और नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही रहेगा।

पवन मिश्रा के मनोनयन के बाद उन्हें लगातार बधाइयां मिल रही हैं। विधायक अचमित ऋषिदेव, जिला अध्यक्ष आशीष पटेल, रमेश सिंह, सुनील राय, नौशाद आलम, सुनील चंद्रवंशी, रेशमलाल पासवान, सफौर रहमान, ओमप्रकाश राय, सीताराम मंडल, मखमुर हयात, राजू मंडल, शाहवाज़ आलम, रितेश वर्मा, रामजी सिंह, गुड्डू अली, मिथिलेश ऋषिदेव, किशनगंज जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मास्टर मुज़ाहिद आलम, पूर्व मंत्री नौशाद आलम, रियाज अहमद, संचिता मंडल, जानकी सिन्हा, फातिमा बेगम, हरिहर पासवान, एहतशाम अंजुम, संजय चौधरी, नूरुद्दीन खान, शाद अहमद बबलू, आदिल मुख्तार, बिरेंद्र राय, राजेश राज, मुरारी गुप्ता, मो शहज़ाद, कन्हैया गुप्ता, गोविंद मिश्रा, मनोज शर्मा, मुकेश सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पवन मिश्रा को बधाई दी है।

पवन मिश्रा ने इस मौके पर यह भी कहा कि संगठन को सशक्त बनाने के साथ-साथ, हमें 2025 के विधानसभा चुनावों में पार्टी के विकासात्मक दृष्टिकोण और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने भरोसा जताया कि पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता और नेताओं की मदद से हम 225 सीटों के लक्ष्य को आसानी से हासिल करेंगे और एनडीए की सत्ता में वापसी होगी। श्री मिश्रा के इस पद पर मनोनयन ने पार्टी में नई उम्मीदें और ऊर्जा का संचार किया है। अब सभी कार्यकर्ता इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए पूरी मेहनत और एकजुटता से काम करने के लिए तैयार हैं।

## महाशिवरात्रि: शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

लोकतंत्र की आवाज



पतरघट सहरसा संवादाता। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। घंटियों और शंख की ध्वनि के बीच बम बम भोले के जयकारे गूंज रहे हैं। सुबह से ही शिव भक्त मंदिरों में पहुंच रहे हैं। किशनपुर, धबौली, बिशनपुर मानिकपुर, पतरघट, भद्दी, जम्हरा, पामा शिव मंदिरों में श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए लंबी लाइनों में लगे हुए हैं। श्रद्धालु भांग, धतूरा, बेल पत्र, फल और पूजा सामग्री लेकर मंदिर पहुंच रहे हैं, जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो गया है।

जलाभिषेक के लिए पहुंचे भक्त नीलकंठ महादेव से अपने परिवार के लिए सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। महाशिवरात्रि के मौके पर मंदिर कमेटी ने व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद किया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस पावन अवसर पर शहर में भक्ति और उत्साह का अनोखा मेल देखने को मिल रहा है इन चीजों से करें भोले का जलाभिषेक पंडित शास्त्री किशोर झा ने बताया, ₹भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक का विशेष महत्व होता है. भोलेनाथ का अभिषेक करते समय दूध, दही, शहद को गंगाजल के साथ मिलाकर अभिषेक करें. कुछ लोग गन्ने के रस से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करते हैं. कहा जाता है कि आज के दिन दिन शिवजी के जलाभिषेक से 1 साल की पूजा के बराबर का फल प्राप्त होता है. महाशिवरात्रि की पूजा के समय भगवान भोलेनाथ को बेलपत्र, भांग, धतूरा अक्षत आदि अर्पित करें. रात के चारों पहर शिवजी की पूजा करने से विशेष लाभ की प्राप्ति होती है.

## नीति आयोग के डेल्टा रैंकिंग में कटिहार देश में पहले स्थान पर

लोकतंत्र की आवाज

प्रवीण कुमार



कटिहार। नीति आयोग के आकांक्षी जिले में शामिल कटिहार जिला जारी अक्टूबर 2024 की देश के डेल्टा रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त किया है। आकांक्षी जिले के लिए चिह्नित कटिहार जिले के चिह्नित प्रखंडों में आयोजित नीति आयोग के सभी इंडिकेटर में कटिहार जिले द्वारा अक्टूबर 2024 में क्रियान्वित उपलब्धि में चार इंडिकेटर में विकास दर्ज किया गया है। सभी इंडिकेटर में कटिहार जिला का स्वास्थ्य और पोषण सुविधाओं में बेहतर विकास के लिए स्वास्थ्य और पोषण को देश में दूसरे स्थान पर रखा गया है। स्वास्थ्य और पोषण के साथ-साथ कटिहार जिला शिक्षा इंडिकेटर्स में भी देश में दूसरे स्थान पर है। जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा द्वारा नीति आयोग के सभी इंडिकेटर्स में आवश्यक विकास जारी रखते हुए आकांक्षी जिला में कटिहार का स्थान शीर्ष पर जारी रखने का आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है, जिससे कि स्थानीय लोगों को संबंधित इंडिकेटर्स में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सके और लोग आसानी से संबंधित विकास का लाभ उठा सकें। नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला के सभी इंडिकेटर्स में विकास के लिए कटिहार जिला द्वारा अक्टूबर 2024 में 61.2 अंक प्राप्त किया गया है। सितंबर 2024 में कटिहार जिला को सभी इंडिकेटर्स में कुल 59.3 अंक प्राप्त हुआ था। सभी इंडिकेटर्स में आवश्यक विकास से स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेगी और लोग आसानी से विभिन्न सरकारी सुविधाओं का लाभ सुलभता से उठा सकेंगे।

**स्वास्थ्य और पोषण सुविधा में कटिहार राज्य में दूसरे स्थान पर :** सिविल सर्जन डॉ जितेंद्र नाथ सिंह ने बताया कि नीति आयोग के आकांक्षी जिले में शामिल कटिहार जिला के पांच इंडिकेटर्स में शामिल स्वास्थ्य और पोषण विकास के लिए राज्य के डेल्टा रैंकिंग में कटिहार को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। अक्टूबर 2024 में कटिहार जिला द्वारा स्वास्थ्य और पोषण विकास में कुल 79.3 अंक प्राप्त किया गया है। सितंबर 2024 में कटिहार जिला को स्वास्थ्य और पोषण के लिए 76.2 अंक प्राप्त हुआ था। सभी स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं में आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने का लगातार प्रयास किया जा रहा है।

**नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला के विभिन्न इंडिकेटर्स पर दिया जा रहा ध्यान :** डीपीएम मनीषा कुमारी ने बताया कि नीति आयोग द्वारा राज्य के आकांक्षी जिला के विभिन्न इंडिकेटर्स के विकास का नियमित रूप से ध्यान रखा जा रहा है। इसमें स्वास्थ्य और पोषण सुविधा के साथ साथ शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास, बुनियादी ढांचे में विकास के साथ साथ अन्य सुविधाएं शामिल हैं। आकांक्षी जिला में नीति आयोग द्वारा संबंधित सभी इंडिकेटर्स में विकास का नियमित रूप से मूल्यांकन करते हुए होने वाले सुविधाओं के विकास की मूल्यांकन किया जाता है। डीपीएम डॉ किशलय कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा के दिशा निर्देश में लोगों को विभिन्न सुविधा उपलब्ध कराने से कटिहार जिला को डेल्टा रैंकिंग में देश में पहले स्थान प्राप्त हुआ है। 02 साल पहले भी तत्कालीन जिलाधिकारी और सिविल सर्जन के निर्देश पर संबंधित अधिकारियों द्वारा लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए कटिहार जिला को भी देश में पहला स्थान मिला था।

## संक्षिप्त खबरें ।

### हेमंत सोरेन से राज्यपाल ने जताई हजारीबाग की घटना पर चिंता, ढएरअ को लागू करने का भी दिया निर्देश



लोक तंत्र कीआवाज

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल ने महाशिवरात्रि पर्व के दिन हजारीबाग में घटित हिंसक घटनाओं की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया और घटना की गंभीरता को देखते हुए उचित कार्रवाई की अपील की। इसके अलावा, राज्यपाल ने झारखंड में पेसा कानून को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए शीघ्र नियमावली गठित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में आदिवासी समुदाय के अधिकारों और स्वशासन को सशक्त बनाने के लिए पेसा कानून का उचित त्रियान्वयन आवश्यक है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यपाल को आश्वासन दिया कि सरकार हिंसा की घटनाओं की पूरी जांच करेगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, पेसा कानून को लागू करने के लिए नियमावली शीघ्र तैयार की जाएगी, ताकि राज्य में आदिवासी स्वशासन को सशक्त किया जा सके। मुलाकात को लेकर राजनीतिक गलियारों में कई कयास लगाए जा रहे हैं, हालांकि मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से इसे शिष्टाचार भेंट बताया गया है।

### गन्ना का जूस पीने वालों के लिए अब खुशखबरी ही खुशखबरी



लोकतंत्र की आवाज

विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)

गिरिडीह, झारखंड। एक छोटी सी मशीन कुछ ही सेकंड में गन्ने के जूस से आपका स्वागत कर सकती है! दरअसल बात यह है कि विकास साव जी ने एक गन्ने का रस/ जूस निकालने हेतु एक नई किस्म की इलेक्ट्रॉनिक मशीन खरीदी है विकास विकास साहू जी से बातचीत के क्रम में यह पता चला कि वह काफी संघर्षशील व्यक्ति हैं क्योंकि इससे पहले वह हरी सब्जी बेचने का कार्य किया करते थे परंतु उस काम को छोड़ उन्होंने लोन लेकर गन्ने का जूस निकालने वाली इलेक्ट्रॉनिक मशीन खरीद ली है। उनके अनुसार उन्होंने एक लाख आठ हजार रूपए का लोन लिया जिसमें 82,000 रूपए खर्च हो गए और अब 1350 रूपए वह साप्ताहिक किस्त भर रहे हैं तो मैं यहां आपको यह बता रहा था कि यह जो गन्ने का जूस निकालने की मशीन है वास्तव में यह एक जादुई मशीन है आप आर्डर करें और जब तक अपने पॉकेट से रूपए निकालेंगे तब तक जूस ग्लास में आपके सामने मौजूद होगा, तो बोलिए है न गन्ना का जूस पीने वालों के लिए खुशी की खबर। साथ ही साथ अब शादी ब्याह के अवसर पर भी यह आइटम बढ़ सकता है यानी कि बारातियो का स्वागत शरबत कोल्ड ड्रिंक के बजाय गन्ने के जूस से भी किया जा सकता है।

### झामुमो का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन, विधायक दशरथ गागराई हुए शामिल



लोकतंत्र की आवाज़

निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

चाईबासा(झारखंड)। झामुमो प्रखंड कार्यालय पान्ड्राशाली में प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य रूप से स्थानीय विधायक दशरथ गागराई शामिल हुए. सम्मेलन में खूंटपानी प्रखंड समिति के गठन हेतु उपस्थित विभिन्न पंचायत समितियों के प्रतिनिधि, सक्रिय सदस्यों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के बीच रायशुमारी किया गया. वहीं सम्मेलन में जिला संयोजक मंडली के संयोजक प्रभारी सोना देवगम, प्रभारी इकबाल अहमद एवं सह प्रभारी राहुल आदित्य के देखरेख में प्रखंड कमेटी का गठन होना है. जिसमें प्रखंड अध्यक्ष के रूप में चार लोग राहुल बानरा, बबलू गोडसोरा, जयसिंह बोदरा व डिम्बु तियू ने दावेदारी पेश किया .जिसमें चारों का नाम जिला संयोजक मंडली को भेजा गया. वहीं प्रखंड उपाध्यक्ष में सतीश पुरती व कोना पुरती, सचिव में प्राण सिंह लेयांगी,संयुक्त सचिव में बाबुराम तियु व सिंधू गागराई, संगठन सचिव में राहुल गोप, कोषाध्यक्ष में मार्कुस लेयांगी, जिला कार्यकारिणी सदस्य में बिरसा उर्फ कान्डे तियू, धनीराम बानरा, सिरका मुंडरी, जयसिंह पुरती व शिला जामुदा जबकि 11 सदस्यों को प्रखंड कार्यकारिणी सदस्य में प्रस्तावित किया गया. इस दौरान विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते है. उन्होंने कहा कि पार्टी को और मजबूत करने की आवश्यकता है. राज्य में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली हेमंत सोरेन सरकार राज्य के हित में कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है. मौके पर विधायक प्रतिनिधि दुर्गा चरण पाड़ेया, बीस सूत्री अध्यक्ष राहुल गोप, विधायक की पत्नी सह समाजसेवी बासंती गागराई, रजनी बानरा, कलिया जामुदा, रायमुनी कांडेयांग, भगवान बानरा, सतीश पुरती, हाथी हाईबुरू, प्राण लेयांगी समेत काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अस्पताल बना मंडपः सलाइन लगी हालत में प्रेमी ने प्रेमिका संग रचाई शादी



लोक तंत्र कीआवाज

धनबाद। शादी के लिए मंदिर, कोर्ट, या थाने का नाम तो सुना होगा, लेकिन क्या कभी अस्पताल को मंडप बनते देखा है? धनबाद के एसएनएमएमसीएच (शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल) में ऐसा ही एक अनोखा नजारा देखने को मिला, जब एक प्रेमी ने अस्पताल के बिस्तर पर ही अपनी प्रेमिका के साथ विवाह रचा लिया। दरअसल, प्रेमी आलोक वर्मा और प्रेमिका रीना एक–दूसरे से शादी करना चाहते थे, लेकिन रीना के परिवार वाले इस रिश्ते से सहमत नहीं थे। परिवार के इनकार से आहत होकर आलोक ने कीटनाशक खा लिया, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया। जब यह खबर रीना को मिली, तो वह तुरंत अस्पताल पहुंची और अपने प्रेमी को इस हाल में देखकर भावुक हो गई। रीना ने बिना देरी किए परिवार की इच्छा के खिलाफ जाकर वहीं अस्पताल में ही आलोक से शादी करने का फैसला किया। अस्पताल के वार्ड में, जहां अन्य मरीजों का इलाज चल रहा था, वहीं बिस्तर को मंडप बनाया गया। आलोक ने सलाइन लगी हुई हालत में ही रीना की मांग में सिंदूर भरा और मंगलसूत्र पहनाया। अस्पताल में मौजूद मरीज, नर्स और रिश्तेदार इस अनोखी शादी के गवाह बने। यह विवाह किसी फिल्मी सीन से कम नहीं था, लेकिन यह सच्ची कहानी थी–प्रेम की, संघर्ष की, और एक–दूजे के लिए हर परिस्थिति में साथ निभाने के वादे की।

# दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प, जमकर हुई पत्थरबाजी, कई लोगों के घायल होने की सूचना

## कई दोपहरीया बाहन और दुकान जल कर खाक





लोकतंत्र की आवाज

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

**हजारीबाग (झारखंड)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर झंडा एवं चोंगा लगाने के विरोध के बाद हुआ हिंसक झड़प हजारीबाग के इचाक थाना क्षेत्र के डुमरौन स्थित हिंदुस्तान चौक पर शिवरात्रि को लेकर झंडा और चोंगा लगाने को लेकर दो समुदाय में भीषण झड़प हो गई जिसमें दोनों समुदायों के ओर से काफी पत्थरबाजी हुई । इस झड़प में दो मोटरसाइकिल, एक गाड़ी, एक टेंपो और विभिन्न वाहनों में आग लगा दिया गया है । वहीं एक दुकान में भी आग लगाया गया है कुछ लोगों को चोट भी पहुंची है जिन्हें हजारीबाग सदर अस्पताल इलाज हेतु ले जाया गया है ।

पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में की है वहीं झड़प को शांत कर दिया गया है बता दें कि छोटे से विवाद ने इतना बड़ा रूप ले लिया जिसके कारण दोनों समुदाय में भीषण झड़प हो गई है । हजारीबाग पुलिस अधीक्षक ने काफी संख्या में पुलिस बल की तैनाती घटनास्थल पर कर दी गई है प्रशिक्षु आईएएस सह सदर अनुमंडल पदाधिकारी लोकेश बारंगे, प्रशिक्षु आईपीएस श्रुति अग्रवाल सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी इचाक प्रखंड के पदाधिकारी तथा भारी संख्या में पुलिस बल घटना स्थल पर मौजूद है। फिलहाल स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। जिला प्रशासन ने आमलोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा शांति बनाए रखने की अपील की है।

# अनुमंडल कैंप कार्यालय में डीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं, समाधान का दिया आश्वासन



लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**पलामू(झारखंड)।** जिले के हुसैनाबाद में आयोजित कैंप कार्यालय के माध्यम से जनता से सीधे रूबरू होने का मौका मिला. यहां विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे और आम लोगों की समस्याओं को सुनकर उसका त्वरित निराकरण किया. जो मामले तत्काल निष्पादन योग्य नहीं हैं, उनका निर्धारित समय अवधि के अंदर निष्पादन कर संबंधित लोगों को लाभ दिलाया जाएगा. कैंप कार्यालय के आयोजन से लोगों को दिया से अधिक लाभ पहुंचाया जा रहा है. लोगों को जिला स्तर या अन्य कार्यालयों में आयोजित जनता दरबार में जाने से छुटकारा मिलेगा. इससे उनका समय और पैसा दोनों बचेगा. इस समय और पैसे से आम लोग अपने विकास कार्यों में लगा सकेंगे. कैंप कार्यालय के आयोजन से जिले में विकास कार्यों में तेजी आएगी. ये बातें उपायुक्त शशि रंजन ने कही.

उपायुक्त आज हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय भवन में आयोजित कैंप कार्यालय के दौरान बोल रहे थे. उपायुक्त ने अनुमंडल कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय, अनुमंडल स्तरीय और प्रखंड, अंचल स्तरीय सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक की और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए. उपायुक्त ने कहा कि कैंप कार्यालय के माध्यम से जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने से लेकर जमीन संबंधी मामलों का निराकरण किया गया. वहीं, विभिन्न आवास योजनाओं से संबंधित समस्याओं का समाधान किया गया.

**अनुमंडल कैंप कार्यालय में डीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं :**उपायुक्त शशि रंजन ने हुसैनाबाद टाउन हॉल का निरीक्षण किया. उपायुक्त शशि रंजन सहित जिले के सभी कार्यालय यहां लगे और संबंधित पदाधिकारियों द्वारा जनता की समस्याएं सुनी गयीं. साथ ही समस्याओं का समाधान भी किया गया. उपायुक्त ने स्वयं समस्याओं को सुना और संबंधित आवेदनों को स्थानांतरित कर संबंधित पदाधिकारियों को निष्पादन का निर्देश दिया. देवरी कला के मोहसिन इदरीसी ने जलमीनार की मरम्मत को लेकर उपायुक्त को आवेदन दिया. वहीं, हैदरनगर सड़ेया के विजय विश्वकर्मा ने आवेदन देकर अपनी पत्नी सुनीता देवी के नाम आवंटित अबुआ आवास का निर्माण कराने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की. उन्होंने उपायुक्त को बताया कि जिस जमीन पर आवास का निर्माण होना है, उस पर दूसरे व्यक्ति ने दावा कर रखा है. इसके अलावा दरुआ गांव निवासी अवधेश सिंह ने व्यापार मंडल में बेचे गए धान का पैसा नहीं मिलने से संबंधित आवेदन दिया।

# गिरिडीह जिला के तीन डीएवी विद्यालयों में ऑनलाइन कानूनी साक्षरता क्लब का उद्घाटन




लोकतंत्र की आवाज

**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**

**गिरिडीह, झारखंड।** माननीय झालसा रांची एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्री मनोज चंद्र झा (प्रभार)के निर्देशानुसार आज दिनांक 23/2/2025 सिरसिया स्थित बद्री नारायण साहा डीएवी पब्लिक स्कूल, श्री रामकृष्ण डीएवी सरिया एवं डीएवी सीसीएल में न्यायिक अधिकारीगण, एल ए डी सी एस, पैनल अधिवक्ता, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण एवं अन्य स्कूल प्रशासन के अधिकारियों की गरिमामय उपस्थित में न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायालय एवं कार्यकारी अध्यक्ष झालसा जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने ऑनलाइन कानूनी साक्षरता क्लब का उद्घाटन न्याय सदन डोरंडा से किया गया ।

कार्यक्रम में श्री अमित कुमार अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवम श्री राजेश कुमार बग्गा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ श्री हरिओम कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी गिरिडीह सुश्री सुशीला कुमारी, श्री महबूब आलम, श्रीमती कुमारी रूबी, एल ए डी सी एस गौरी शंकर सहाय, फैयाज अहमद, पुरुषोत्तम कुमार, रविकांत शर्मा, पैनल अधिवक्तागण मो. शाहनवाज, अमित कुमार, सूरज नयन, तृप्ति रंजना शामिल रहे। उद्घाटन समारोह में डीएवी संस्थान के झारखंड के सभी सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों को कानूनी रूप से जागरूक करना, मौलिक अधिकारों की जानकारी देना एवं कानूनी सेवाओ की जरूरत वाले लोगों की मदद करना रहा। झालसा रांची में संपन्न हुए कार्यक्रम में सी सी एल डीएवी के छात्र पारस कुमार माजी को पेंटिंग प्रतियोगिता में राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया ।

ज्ञातव्य हो कि झारखंड राज्य के सभी 72 डीएवी स्कूलों में कानूनी साक्षरता क्लब का वर्चुअल उद्घाटन किया गया। जिसके माध्यम से स्कूली बच्चों को कानूनी जानकारी देने का कार्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा किया जाएगा। जिले में कानूनी साक्षरता कार्यक्रम निरंतर चलाए जा रहे हैं जिससे विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों के छात्र लाभान्वित हो रहे और कानूनी साक्षरता क्लब के माध्यम से लोगों को जागरुक भी करेंगे। विद्यालय के प्राचार्य योगेश्वर शर्मा जी ने कानूनी साक्षरता क्लब, बी एन एस डी ए वी, गिरिडीह को यह सुविधा प्रदान करने के लिए, अध्यक्ष झालसा के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि साक्षरता क्लब का प्राथमिक कार्य कानूनी साक्षरता एवं जागरूकता फैलाना है। ताकि लोग अपने कर्तव्यों, मौलिक अधिकारों कानूनी नियमों के बारे में जागरूक हो सके। साथ ही विद्यार्थी कानून के क्षेत्र में व्याप्त संभावनाओं से परिचित हो अपने कैरियर की भी तलाश करेंगे। प्राचार्य ने डालसा, गिरिडीह से अनुरोध किया कि वे विधि के जानकार विशेषज्ञों के सहयोग से प्रतिमाह विद्यालय में कानून साक्षरता एवं जागरूकता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर छात्रों को विधि एवं कानून संबंधी जानकारी से अवगत कराए ताकि कानून सम्मत जानकारी जन जन पहुंचाने के पावन संकल्प को हम पूरा कर सकें ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में पी एल वी अशोक कुमार वर्मा, कामेश्वर कुमार रिया कुमारी, कुलदीप यादव, रीता कुमारी, विद्यालय के शिक्षकगण श्री पी एस त्रिगुनाइत, श्रीमती शबाना रब्बानी, डी एन सिन्हा, पी के शर्मा, मौली दासगुप्ता, श्यामली घोष, नियाज़ अहमद, दीपांशु कुमार, श्री पाठक, रानू प्रकाश एवं देव बनर्जी आदि महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नक्सली संगठन टीएसपीसी का एरिया कमांडर गिरफ्तार, 652 गोली बरामद




लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**पलामू(झारखंड)।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के खिलाफ पलामू पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पलामू पुलिस ने टीएसपीसी के एक कमांडर को गिरफ्तार किया है जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने 652 गोलियां बरामद की हैं. गिरफ्तार नक्सली ने पलामू पुलिस के सामने कई बड़े खुलासे किए हैं. बरामद गोली थ्री नॉट थ्री की है. टीएसपीसी के नक्सलियों ने इसे जंगल में छिपा रखा था.

दरअसल पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि टीएसपीसी के एरिया कमांडर उपेंद्र भुइयां मनातू थाना क्षेत्र के नागद स्थित अपने घर आने वाला है. इस सूचना के आलोक में एएसपी अभियान राकेश कुमार सिंह और एसडीपीओ मनोज कुमार झा के नेतृत्व में टीएसपीसी के खिलाफ सर्च अभियान शुरू किया गया. इसी सर्च में मनातू थाना क्षेत्र के सिकदा में एक व्यक्ति चादर ओढ़कर जा रहा था. पुलिस ने जब उसे रोका तो वह भागने लगा. बाद में पुलिस ने खदेड़ कर उसे पकड़ लिया. गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान टीएसपीसी के एरिया कमांडर उपेंद्र भुइयां के रूप में हुई. उपेंद्र भुइयां की निशानदेही पर 652 गोलियां बरामद की गई हैं. पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि गिरफ्तार उपेंद्र भुइयां के पास से 652 गोलियां बरामद की गई हैं. उपेंद्र भुइयां पर 12 मामले दर्ज हैं और वह पहली बार पकड़ा गया है. उपेंद्र को टीएसपीसी द्वारा छिपाई गई गोलियां बरामद करनी थी.

**अफीम के खिलाफ अभियान के दौरान जवानों पर किया था हमलाः** 2024 में चतरा में अफीम की खेती के खिलाफ अभियान के दौरान टीएसपीसी ने पुलिस कर्मियों पर हमला किया था. इस हमले में दो पुलिस कर्मी शहीद हो गए थे. इसमें उपेंद्र के भी शामिल होने का आरोप है. उपेंद्र 15 लाख रुपये के इनामी नक्सली आक्रमण गंझू दस्ते का सदस्य था. आक्रमण गंझू के घर से उपेंद्र का घर 100 मीटर की दूरी पर है. सर्च ऑपरेशन में मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव, सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार, अनीश राज, संतोष कुमार गुप्ता शामिल थे. उपेंद्र 2014 में टीएसपीसी के बल दस्ते में शामिल हुआ था।

# गिरिडीह में नशा मुक्त भारत अभियान को लेकर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

आपको भी ज्ञात होगा की गांधी जी की दृष्टि में ग्राम स्वराज में आर्थिक व्यवस्था ही आदर्श नहीं अपितु सामाजिक व्यवस्था का भी महत्व है यहां मैं ग्राम स्वराज शब्द पर जोर न डालते हुए सामाजिक व्यवस्था पर ध्यान इंगित करने की प्रार्थना करता हूं। यहां देखना यह जरूरी है कि जिला समाज कल्याण का समाज के आम लोगों से कितना जुड़ाव है।



लोकतंत्र की आवाज

**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)**

**गिरिडीह ,झारखंड।** कार्यक्रम को संबंधित करते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, श्रीमती स्नेह कश्यप ने कहा कि डायन कुप्रथा समाज के लिए सबसे बड़ा अभिशाप है। इस कुप्रथा को दूर करने के लिए सरकार व जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है और हर संभव प्रयास कर रहे हैं। ताकि शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार–प्रसार व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज में फैले अंधविश्वास को दूर करने का काम किया जा सके।

उन्होंने कहा कि महिलाओं का समाज निर्माण में बहुत बड़ा योगदान होता है, महिलाओं को सशक्त व स्वाबलंबी बनाना सभी की जिम्मेदारी है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने सभी से आग्रह किया कि अपने जीवन में महिलाओं का सम्मान करें। भ्रूण हत्या, महिला उत्पीड़न, डायन प्रथा जैसी मानसिक कुरीतियों को समाज से पूर्ण रूप से खत्म करने में अपना हर संभव योगदान दें।

एकदिवसीय आयोजित कार्यशाला में सभी अतिथियों ने बारी–बारी से अपने अपने विचार रखें। मौके पर समाज कल्याण विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान और डायन कुप्रथा के विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि डायन प्रथा अंधविश्वास है। झाड़–फूंक को छोड़ो, डॉक्टर से नाता जोड़ों, नशा से दूर रहें, नशा नाश का दूजा नाम, तन मन धन तीनों बेकार, अपना नहीं तो परिवार का ख्याल करो, नशा छोड़कर, सबका कल्याण करों आदि जैसे स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, गिरिडीह, डुमरी, बाल संरक्षण अधिकारी, डीसीपीयू यूनिट के अधिकारी, सभी सुपरवाइजर, सेविका, सहायिका समेत अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

# हजारीबाग में हिंसक झड़प के दूसरे दिन भी घटनास्थल पर पसरा सन्नाटा, विस में छाया मुद्दा



लोकतंत्र की आवाज

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

**हजारीबाग (झारखंड) ।** हजारीबाग के इचाक प्रखंड के डुमरांव में दो समुदायों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद दूसरे दिन भी गांव में सन्नाटा पसरा रहा. पुलिस जगह–जगह गश्त कर रही है. और चौक–चौराहों पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है. सभी लोग अपने घरों में दुबके हैं. 24 घंटे बाद भी इलाके में दहशत का माहौल है. प्रशासन आम लोगों से अपील कर रहा है कि अफवाहों पर ध्यान न दें. शांतिपूर्वक अपनी दिनचर्या निपटाएं. स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है.

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी प्रशासन ने गश्त तेज कर दी है. इस घटना में 45 नामजद और 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है. तीन को गिरफ्तार किया गया है. अन्य की गिरफ्तारी के लिए इलाके में सघन जांच चल रही है. पुलिस सीसीटीवी कैमरे और स्थानीय लोगों की मदद से लोगों की पहचान कर रही है. मौके पर मजिस्ट्रेट स्तर के अधिकारी मौजूद हैं. जिस जगह पर पथराव हुआ, वहां एक सरकारी प्राथमिक उर्दू स्कूल भी है. जहां करीब 170 बच्चे पढ़ने आते हैं. घटना के दूसरे दिन स्कूल खुला है, लेकिन सिर्फ दो छात्र पहुंचे हैं.

इस घटना में आधा दर्जन से अधिक वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया. एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए. अहम बात यह रही कि किसी का अस्पताल में इलाज नहीं हुआ. यानी सभी को मामूली चोटें आई हैं. हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने भी कहा कि स्थिति नियंत्रण में है. तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है. अन्य को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा. उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें. इस पुरे घटनाक्रम को लेकर राजनीति गरमाई हुई है आपस में बयानबाजी का दौर जारी है हजारीबाग विधायक ने विधानसभा में भी इस मुद्दे को उठाया है।

# शिव बारात में दूल्हा बने भगवान भोलेनाथ, भक्त बने बाराती

**महाशिवरात्रि**



लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**लोहरदगा(झारखंड)।** महाशिवरात्रि का त्योहार बुधवार को जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में पूरी श्रद्धा और उमंग के साथ मनाया गया। अहले सुबह से ही स्थानीय शिवालयों एवं देवालयों में शिवभक्तों की भीड पूजा अर्चना के लिए उमडती रही। महाशिवरात्री को लेकर शिवालयों में विशेष रुद्राभिषेक, जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और पूजा अर्चना भव्य तरीके से किया गया। शिवरात्री को लेकर स्थानीय प्रमुख शिवालयों में भक्तों की उमडी भीड से दिन भर मेला लगा रहा। शिवालयों में हर हर महादेव, ॐ नमः शिवाय की मंत्र ध्वनियां गूंजती रही। बुधवार की शाम शहर के महादेव आश्रम स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर से शिवभक्तों और गणों के साथ शिव बारात निकाली गयी। बारात में भगवान शिव की प्रतिमा को दुल्हें के रूप में श्रृंगार कर बिराजमान किया गया।

बारात में शामिल भक्त गणों की वेषभूषा बना कर नाचते गाते चल रहे थे। इस शिव बारात में भगवान भोले नाथ व माता पार्वती की आकर्षक झांकी निकाली गई। साथ ही भूत प्रेत भी बारात में खासा आकर्षण रहे। जिसमें सैकडों की संख्या में भक्तगण शामिल होकर जमकर जयकारे लगाते हुए बारात के आगे–आगे झूमते– नाचते चल रहे थे। शिव बारात के आगे रथ पर सवार भगवान शिव–पार्वती की सजीव झांकी लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रही। भक्त डीजे की धुन पर बोल बम व हर हर महादेव के जयकारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। जगह जगह श्रद्धालुओं द्वारा बारात में शामिल में शिवभक्तों का गर्मजोशी और श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया। महादेव आश्रम से शिव बारात निकल कर तिवारी दुरा हटिया गार्डेन, चन्द्रषेखर आजाद चौक, थाना चौक, शास्त्री चौक, गुदरी बाजार होते हुए इस्ट गोला रोड होते हुए देवी मण्डप पहुंचा। देवी मण्डप परिसर में शिव बारातियों का स्वागत सत्कार किया गया। रात्रि शिव आराधना, शिव पार्वती विवाह के कार्यक्रम आयोजित किये गये। ऐसी मान्यता है कि महाशिवरात्रि के दिन भूखे, प्यासे रहकर भगवान शिव की पूजा करने से सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। महिला, युवती, पुरुष, युवक दिन भर भूखे रहते है और भगवान शिव की आराधना करते है। शास्त्रो के अनुसार इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। जिसके कारण इस दिन शिव पार्वती का विवाह को धूमधाम से मनाया जाता है।

## शिवालयों में शिवरात्रि की धूम, महादेव व पार्वती की हुई आराधना

दूसरी मान्यता है कि आज ही के दिन समुद्र मंथन के समय विष निकला था और भगवान शिव ने इसे अपने कंठ में धारण किया था। इसके अलावा ये भी मान्यता है भगवान शिव करोड़ों सूर्यों के समान प्रभाव वाले ज्योतिर्लिंग के रूप में इसी दिन प्रकट हुए थे. जिसके बाद से हर साल फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि मनाते हैं. इधर इस्ट गोला रोड स्थित शिव मंदिर में शिवरात्रि का मुख्य समारोह आयोजित किया गया। कई विद्वान पुरोहितो द्वारा महादेव व पार्वती की प्रतिमा विवाह मंडप स्थापित कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह की रस्म अदाएगी किया गया। इस अवसर पर शिव–पार्वती के विवाह का दृश्य देखने के लिए देर रात तक बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में मौजूद थे। वहीं शिव बारात को लेकर प्रशासन काफी चौकस नज़र आया। जगह–जगह पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। साथ ही बारात के साथ–साथ बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### हरिहर धाम ,झारखंडी धाम, दुखहरण नाथ महादेव,गिरिडीह जिला का पहचान



लोकतंत्र की आवाज
विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो–चीफ)
गिरिडीह, झारखंड। गिरिडीह जिला अंतर्गत बगोदर में हरिहर धाम राजधनवार जिसे की धनवार भी कहते हैं वहां झारखंडी धाम तथा गिरिडीह जिला के अजीडीह में स्थित बाबा दुख हरण नाथ महादेव मंदिर इन सभी तीन स्थानों का गिरिडीह जिले में काफी संस्कृतीक एवं ऐतिहासिक महत्व है। वैसे बगोदर हरिहर धाम मंदिर की स्थापना का कार्य 1980 से ही प्रारंभ हुआ जो कि लगभग 30 वर्षों तक चला झारखंडी धाम इसके विषय में इस बाबा की कहानी कि यह बाबा छत के नीचे नहीं रहते खुले स्थान पर यह विराजमान है और यह कहा जाता है कि जब–जब भी मंदिर रूपदेने का प्रयास किया जाता था तब तक मंदिर का ऊपरी भाग हमेशा गिर जाया करता था इसके बाद बाबा दुख हरण नाथ महादेव इसके विषय में यह बात कही जाती है कि यहां पर बाबा ने स्वयं दर्शन देकर अपने होने का आभास कराया था एक गाय बकरी चराने वाले व्यक्ति को। जो भी हो यह धर्म भूमि झारखंड राज्य बाबा झारखंडी धाम इन नाम से यह समझ जा सकता है की पूरे झारखंड के मालिक बाबा झारखंडी ही है।

### आरजेडी सांसद ने बिहार के एनडीए सरकार पर तीखा पलटवार किया, बोले-चुनाव आ गया है ना 7 क्या 70 को भी मंत्री बना दिया जाएगा



लोकतंत्र की आवाज़
गया। बिहार के गया में औरंगाबाद के आरजेडी सांसद अभय कुशवाहा ने बिहार के एनडीए सरकार पर तीखा पलटवार किया है। आरजेडी सांसद अभय कुशवाहा बिहार में 7 मंत्री को बनाए जाने पर तीखा पटवार करते हुए कहा कि अभी बिहार में चुनाव आ गया है ना 7 किया 70 को भी मंत्री बना दिया जाएगा। बिहार में एनडीए गठबंधन डबल इंजन की सरकार चल रही है, कुछ भी हो सकता है। यूपी में तो सबसे ज्यादा उप–मुख्यमंत्री तीन–तीन लोगों को बना दिया गया था। चुनाव आ गया है तो यह सब तो चलते ही रहता है। जुमला कभी रुका नहीं है, लेकिन देश और बिहार की जनता बेखूबी से देख रही है और समझ रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिस तरह से परिवारवाद पर विरोध करते आए हैं लेकिन वह अब खुद ही परिवारवाद में लग गये हैं ।सांसद अभय कुशवाहा ने कहां कि निश्चित तौर पर बिहार की जनता ठोक बजा करके महान मतदाता जवाब देगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे को सीएम उम्मीदवार घोषित किए जाने पर उन्होंने कहा कि राजनीति में किसी पर कोई पाबंदी नहीं है। कभी भी कोई भी आ सकते हैं और जा सकते हैं। इसमें जो आएंगे उनको ना फायदा और नुकसान होगा।

### पाण्डेयपुरा : तिवारी टोला मे महाशिवरात्रि के अवसर पर हो रहे भजन कीर्तन का समापन



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
हंटरगंज( झारखंड)। प्रखंड क्षेत्र के पाण्डेयपुरा पंचायत स्थित तिवारी टोला मे बुधवार को महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया था जिसमे क्षेत्र के आस पास के गांव से हज़ारो की संख्या मे श्रद्धालुओ ने भाग लिया ।अखंड हरिकीर्तन मे पंडित राशबिहारी पाण्डेय के द्वारा पूरे विधिविधान से शुरुआत की गयी जिसमे तिवारी टोला के लोग शामिल हुए ।विधिविधान से पूजनोपरांत उपस्थित भक्तो के द्वारा 24 घंटे का निर्बाध हरे रामा हरे कृष्णा का कीर्तन किया गया जिससे पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया। कीर्तन मे मुख्य भूमिका मे गोविंद शरण तिवारी,विनोद तिवारी,सच्चिदानंद तिवारी,राजाराम तिवारी,वीरेंद्र तिवारी,मदन तिवारी,विजय तिवारी,संजय तिवारी,सुरेंद्र तिवारी,प्रशांत कुमार तिवारी,संतोष तिवारी,आशुतोष तिवारी,विवेक तिवारी,अभिषेक तिवारी,दीपक तिवारी,विकाश चंद्र तिवारी,संजीव तिवारी,नैतिक तिवारी,आलोक तिवारी के साथ सैकड़ो भक्त शामिल हुए।

### रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का तीसरा चरण प्रारंभ



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। बिहार शिक्षा परियोजना के तहत चल रहे कार्यक्रम "रानी लक्ष्मीबाई आत्म रक्षा प्रशिक्षण" का तीसरा चरण शुरू हो चुका है ।जिसमें पीरपैंती प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में मार्शल आर्ट प्रशिक्षण का अंतिम चरण जारी है। यह कार्यक्रम प्रखंड के कई विद्यालयों में अनवरत जारी हैं ।जिसमें उच्च माध्यमिक विद्यालय हरदेवचक, उच्च माध्यमिक विद्यालय प्यालापुर, हाई स्कूल इशीपुर. व अन्य विद्यालय भी शामिल है ।प्रशिक्षक योगेश कुमार ने बताया कि यह प्रशिक्षण 24 फ़रवरी से 25 मार्च तक चलेगा। इस प्रशिक्षण में केवल बालिकाओं को दी जायेगी ।इस कला को सीखने के बाद छात्राएं किसी भी विषम परिस्थिति में अपनी आत्म रक्षा स्वयं कर पाएगी ।सरकार की इस योजना का खूब लाभ ले रही है बेटियाँ। प्रशिक्षण में लगी लड़कियों ने बताया कि अब हमलोग कुशलता पूर्वक आत्मरक्षा के लिए तैयार हैं ।अब इट का जवाब पत्थर से देंगे। अब हमलोग अबला नहीं, सबला बन कर देश सेवा में जाएंगे।

# खुदेनेस्वर धाम मंदिर में देश व विदेश के महाशिवरात्रि पर करीब 3 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया महा जलाभिषेक

**लोकतंत्र की आबाज**

**रामजी कुमार**
**समस्तीपुर।** जिले के विभिन्न प्रखंडों से, बिहार के कई जिलों सहित नेपाल, पश्चिम बंगाल आदि जगहो सहित दूर दराज से लोग महाशिवरात्रि के अवसर पर महा जलाभिषेक करने जिले के मोरवा प्रखंड क्षेत्र में स्थित एक ऐसा मंदिर जो विश्व विख्यात है। बता दे की एक ही गर्भ गृह के नीचे ज्योर्तिलिंग महादेव भोलेनाथ एवं मजार की विधि–विधान के साथ पूजा अर्चना की जाती है। खुदनेश्वर धाम मंदिर के न्याय समिति के अध्यक्ष इंद्रदेव शर्मा ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि बिहार के देवघर के नाम से विश्व विख्यात होने की वजह से एवं भगवान शिव के पावन मनोकामना ज्योतिर्लिंग व उनके भक्त खुदनी बीवी की मजार की पूजा साथ–साथ होती है।



आगे उन्होंने बताया कि खुदनेश्वर धाम मंदिर समस्तीपुर जिला बिहार सहित नेपाल, पश्चिम बंगाल आदि जगहो सहित दूर दराज से लोग यहां महाशिवरात्रि के अवसर पर महा जलाभिषेक करने आते हैं। खुर्दनेश्वर धाम मंदिर में मंदिर न्याय समिति के अध्यक्ष इंद्रदेव शर्मा अनुसार तीन दिवसीय यहाँ भव्य मेला का आयोजन चल रहा है जिसके दूसरे दिन बुधवार को अहले सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं भीड़ उमर परी, करीब 3 लाख से अधिक श्रद्धालुओं महाशिवरात्रि के मौके पर महा जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमर परा है। जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं ने बोल– बम हर–हर महादेव जय भोलेनाथ के गगन भेदी नारों से पूरा मंदिर परिसर सहित क्षेत्र को गूंजेमान और भक्ति मेय कर दिया। मौके पर मंदिर न्याय समिति अध्यक्ष इंद्रदेव शर्मा, दिनेश झा, विभूति नाथ झा, विजय कुमार लाल, उमेश कुमार झा, मुखिया अरमान अली, पूर्व मुखिया विरिया देवी, प्रमुख प्रतिनिधि गौरव कुमार शर्मा उर्फ बबलू, उप प्रमुख प्रतिनिधि अवधेश कुमार शर्मा, महेश कुमार झा, मनोज कुमार, सुशील कुमार वर्मा, विजय कुमार वर्मा, अंकित कुमार, मुख्य पुजारी चंदन भारती व राजेंद्र भारती आदि लोग महाशिवरात्रि को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सक्रिय रूप से क्षेत्र में अपना–अपना योगदान दे रहे है।

साथ ही मंदिर एवं मेले के चारों तरफ ताजपुर थाना अध्यक्ष शनि कुमार मौसम के नेतृत्व में ताजपुर थाना के यस आई संजीव कुमार, राकेश मिश्रा ललन झा सहित दर्जनों पुलिस पदाधिकारी व जिला पुलिस बल के द्वारा मेला में सुरक्षा प्रदान लगातार की जा रही है और चपे–चपे पर नजर बनाये हुए है। साथ ही मुसरीघरारी थाना पुलिस के दर्जनों पुलिस मौजूद है। ताजपुर पुलिस एवं मंदिर के तीन दर्जन से अधिक सदस्य के द्वारा करी व्यवस्था के बीच जलाभिषेक कराया जा रहा है। महाशिवरात्रि के रात आकर्षक शिव बारात निकाली गई व संस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ।

**फूलों का मुकुट बना आकर्षण का केंद्र :** खुर्दनेश्वर धाम मंदिर के प्रांगण में बुधवार की पूरी रात मंदिर परिसर में भगवान शिव एवं माता पार्वती का विवाह समारोह आयोजित किया गया। मनोकामना ज्योतिर्लिंग बाबा खुदनेश्वर के लिए बनाया गया विशाल फूलों का मुकुट श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। श्रद्धालुओं एवं भक्तों के द्वारा सारी रात कीर्तन भजन करते हुए जागरण किया गया। पूरी रात हर हर महादेव शिव मंदिर गुंजयमान रहा।

# कंक्रीट रास्ते से गुजरे शिव भक्त तो भड़क उठीं विधायक ठेकेदार के खिलाफ दिए कार्यवाही के निर्देश



**लोक तंत्र कीआवाज**

**राकेश पाण्डेय**
**सीतापुर।** शासन द्वारा महा शिवरात्रि को लेकर जारी निर्देशों के बावजूद महमूदा बाद की प्राचीन शिव बारात अव्यवस्थाओं के बीच गुजरी अधूरी पड़ी सड़क और कंक्रीट के रास्ते से भक्तों को गुजरना पड़ा तो भक्तों की नाराजगी सामने आ गई।

मौके पर मौजूद विधायक से भक्तों ने शिकायतें कर दी ।शासन की मंशा पर काम न होने और कंक्रीट के रास्ते पर भक्तों को हुई समस्या पर विधायक का पारा चढ़ गया। विधायक ने तत्काल ईओ से सड़क निर्माण में हो रही देरी का कारण पूछा और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।

महमूदाबाद कस्बे में ठठेरी बाजार से प्राचीन शिवबारात निकलती है।प्रतिवर्ष महा शिवरात्रि पर भव्य आयोजन होता है।इसको लेकर पूर्व में ही तैयारियां की जाती है। बारात ठठेरी बाजार से शुरू होकर रामकुण्ड चौराहा, कोतवाली मार्ग,बस स्टॉप होते हुए संकटा देवी मंदिर पहुँचती है और पुनः चिक मण्डी चौराहा बजाजा होकर ठठेरी बाजार में समाप्त होती है।नगर पालिका द्वारा करीब तीन माह पूर्व सड़क निर्माण का टेण्डर किया गया।

रामकुण्ड चौराहे से बजाजा बाजार होते हुए चिकमण्डी चौराहे तक सड़क को खोदकर डाल दिया गया। कुछ दिनों पूर्व सड़क पर बोल्डर और गिट्टी डाली गई किन्तु डामरीकृत नहीं किया गया ।महाशिवरात्रि पर प्रस्तावित शिव बारात के बावजूद करीब पन्द्रह दिनों तक सड़क पर कंक्रीट और गिट्टी पड़ी रही ।जिसका खामियाजा आज भक्तों को भुगताना पड़ा ।नंगे पैर गुजर रहे भक्तों को काफी कठिनाईयो का सामना करना पड़ा।

कार्यक्रम में शामिल होने पहुँची विधायक आशा मौर्या से भक्तों ने शिकायत कर दी ।विधायक ने बताया कि अधिशाषी अधिकारी को ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं ।सूचना के बावजूद ठेकेदार ने समय बद्ध तरीके से काम पूरा क्यों नहीं किया जो कि अक्षम्य है।

# पीरपैंती : दस वर्षीय बालक फंदे से लटका मिला

**लोकतन्त्र की आवाज**

**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** पीरपैंती प्रखंड के श्रीमतपुर हजूर नगर पंचायत अंतर्गत काली प्रसाद गांव निवासी प्रदीप कुमार मंडल का 10 वर्षीय पुत्र अंशु कुमार अपने झोपड़ी नुमा घर में लटका पाया गया ।परिजनों ने इसकी सूचना थाना प्रभारी नीरज कुमार को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नीरज कुमार तथा एस डीपीओ 2 डॉक्टर अर्जुन कुमार गुप्ता दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। शव को अपने कब्जे में ले लिया।

शाम में एफएसएल की टीम भी जांच की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भेज दिया गया। परिजनों ने बताया कि हमारी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। गांव के मुखिया भी संवाददाता के बताया कि परिवार के लोगों का कहना है कि परिवार को किसी से कोई दुश्मनी नहीं है ।आखिर में किस हालत में यह लड़का लटका पाया गया यह जांच का विषय है। एसडीपीओ 2 डॉक्टर अर्जुन कुमार ने बताया कि कानून सम्मत कार्रवाई जारी है।



# गोहरी पंचायत के गोहरी गांव के लोगों ने मध्य विद्यालय गोहरी में सचिव के चुनाव को लेकर जिलाधिकारी को दिया आवेदन

**लोक तंत्र कीआवाज**

**लखीसराय** । चानन प्रखंड के गोहरी पंचायत के गोहरी गांव के लोगों ने मध्य विद्यालय गोहरी में सचिव के चुनाव को लेकर जिलाधिकारी लखीसराय,जिला शिक्षा पदाधिकारी लखीसराय, प्रखंड विकाश पदाधिकारी चानन, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी चानन को आवेदन देने का काम किया।

आवेदन के जरिए इनलोगों ने कहा कि मध्य विद्यालय गोहरी लखीसराय में सचिव के पद पर बिना किसी सूचना के प्रभारी और पुर्व सचिव की मिलीभगत से चुनाव सम्पन्न करा दिया गया है। वही इनलोगों ने कहा कि मध्य विद्यालय गोहरी लखीसराय में सचिव पद के लिए सोमवार 24 फरवरी को चुनाव किया गया। इस दौरान सचिव पद के लिए दावेदारी करने वालों में कोई दूसरा दावेदार नहीं पहुंच पाया। इसकी सबसे बड़ी वजह सचिव पद के चुनाव के लिए किसी भी प्रकार से कोई सूचना किसी को नहीं मिल पाना था। इसमें सचिव पद के लिए चुनी गई प्रतिमा देवी पति पंकज कुमार संग यहां के विद्यालय प्रभारी देवनन्दन यादव की भी मिली भगत है जो लगातार विद्यालय के विकास में सेंधमारी करने का काम करते है। वही जब जानकारी मिलने पर विद्यालय प्रांगण में पहुंचा गया तो प्रभारी ने झड़प पर भाग जाने को कहा और हमलोगो को वापस आ जाना पड़ा। प्रभारी ने कहा कि जाइए जहां जाना है वहां जाइए मुझे कुछ नहीं होगा मैने पूर्व से सूचना लोगो को दे रखी थी।



वही इसको लेकर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी चानन लखीसराय के पत्रांक 40 दिनांक 11/02/2028 के आलोक में मध्य विद्यालय गोहरी में नामांकित बच्चों के माता पिता अभिभावकों को भी सूचित करने का काम करने का दिखावा कर विद्यालय शिक्षा समिति पुनर्गठन के लिए आम सभा का आयोजन किया जिसकी सूचना की कागजात शनिवार 20 फरवरी 2025 की संध्या चिपकाई गई ऐसा दर्शाया गया है, जबकि इसकी सूचना का कागजात सोमवार को दस बजे लोगो के फोन करने पर प्रभारी ने दिखावा के रूप में चिपकाया। इसकी जांच कर सचिव पद के लिए दुबारा लोगो को सूचित कर चुनाव करवाया जाए जिससे लोग सही और निष्पक्ष सचिव का चुनाव कर सके। वही आवेदन में हस्ताक्षर करने वाले में मुखिया रविश चंद्र भूषण,विपिन कुमार, मिथलेश कुमार,उदय यादव,मुनिया देवी,कलाकार कुमार, रीना देवी,सोनी देवी,अनिल कुमार,शंकर मोदी,ममता देवी,सुमित्रा देवी, सरिता देवी आदि शामिल हैं।

# संत टेरेसा इंग्लिश हाई स्कूल का 15वां स्थापना दिवस सह स्काउट एंड गाइड का दीक्षांत समारोह धूमधाम से मनाया गया

**लोकतंत्र की आवाज**

**अभय कुमार रंजन**
**वारिसलीगंज (नवादा)।** संत तेरेसा इंग्लिश हाई स्कूल वारिसलीगंज में आज विद्यालय का 15वां स्थापना दिवस सह स्काउट एंड गाइड का दीक्षांत समारोह बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्र के मुख्य अतिथि वारसलीगंज प्रखंड के बीडीओ पंकज कुमार, वारिसलीगंज थाना के एस एच ओ रूपेश कुमार सिन्हा और बीएमपी अविनाश कुमार थे। छात्रों के द्वारा सबसे पहले प्रेयर डांस किया गया। उसके बाद मुख्य अतिथियों के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य अनूप थॉमस ने सभी अतिथियों को शॉल और बुके देकर सम्मानित किया। फिर स्काउट एंड गाइड का झंडोत्तोलन बीडीओ पंकज कुमार के द्वारा किया गया। बच्चों ने पासिंग आउट परेड किया और दीक्षा ली। उन्हें स्काउट एंड गाइड की तरफ से मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। आदित्य कुमार को बेस्ट कैडेट स्काउट और रोशनी कुमारी को बेस्ट कैडेट गाइड का अवार्ड दिया गया। इस अवसर पर राज्य मुख्यालय आयुक्त शाहबाज सर ने बच्चों को स्कॉट एंड गाइड के बारे में जानकारी दी। उनके साथ संयुक्त राज्य प्रशिक्षण आयुक्त श्रवण कुमार भारती और जिला प्रशिक्षण आयुक्त प्रियांशु राज भी उपस्थित थे। नवादा जिले के संत टेरेसा इंग्लिश हाई स्कूल में हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड की पहली यूनिट का गठन किया गया है। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य अनूप थॉमस ने बच्चों को कड़ी मेहनत करने और हर क्षेत्र में अपना नाम रोशन करने की शिक्षाप्रद बातें बताई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के छात्र और सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# रील बनाने के चक्कर में दो बाइकों में भिड़ंत, दो घायल

**लोकतंत्र की आवाज**
**उरई।** जालौन में सड़क हादसे में बाइक सवार दंपति बुरी तरह घायल । सोशल मीडिया पर रील बनाने की होड़ में युवकों की लापरवाही से एक गर्भवती महिला और उसके पति के लिए मुसीबत बन गई। घटना रामपुरा थाना क्षेत्र के जगम्मनपुर रामपुरा रोड पर शुक्ला के बाग के पास की बताई जा रही है। महेश अपनी गर्भवती पत्नी को रुटीन चेकअप के लिए माधौगढ़ ले जा रहे थे। वे पैशन प्रो बाइक से यात्रा कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे चंदन ने अपनी टीवीएस स्पोर्ट बाइक से उनकी मोटरसाइकिल मे जोर दार टक्कर मार दी। जिससे वह घायल होकर गिर गए चंदन तेज गति से बाइक चलाते हुए मोबाइल पर रील बना रहा था। तभी दो बाईकों की आमने सामने जोर दार टक्कर हो गई जिसमे दोनों बाइकों के सवार सड़क पर गिर पड़े।



और सड़क हादसे मे दोनों घायल हो गए सड़क हादसे के बाद चंदन और उसका साथी अपनी बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गए। राहगीरों ने घटना को सूचना पुलिस को दी और घायल दंपति को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। जहां पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी

# कोच कैलिया मार्ग पर देवगांव और खैरी के बीच हुआ सड़क हादसा, ऑल्टो कार खाई मे जा गिरी

**लोकतंत्र की आवाज**

**कोंच जालौन।** कोच कैलिया कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कैलिया मार्ग पर खैरी के पर ट्रक और कार में जोर दार टक्कर कोच से लौट रहे ग्राम खैरी निवासी अपने गांव ग्राम ऐरा जिला झांसी सद्दाम खा निजाम खा प्रेमकुमार (मम्मू) और सत्यम कुशवाहा आ रहे थे जिनको तेज गति से आ रहे ट्रक ने जोर दार टक्कर मार दी जिसमे कार के पर खच्चे उड़ गए बाल बाल बचे कार सवार युवक ओर कार अनियंत्रित होकर खाई मे जा पलटी जिसमे कार सवार युवक घायल हो गए घायलों की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा और दुर्घटना ग्रस्त ट्रक की खोजबीन मे जुट गई घटना सड़क हादसे में हुई।



वही सड़क पर डामरी कारण का निर्माण कार्य चल रहा था तभी तेज गति से आ रहा रोड डालने वाले गिट्टी से भरे ट्रक ने ऑल्टो कार मे जोर दार टक्कर मार दी तेज रफ्तार गति से आ रहे ट्रक ने क्रासिंग के चलते सीधी टक्कर मार दी टक्कर इतनी तेज लगी कि रोड से गाड़ी घसीटती हुई सीधी छोटी सी खाई में जा गिरी जिसमे कार सवार युवक बुरी तरह घायल हो गए घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया अल्टो में सवार चारो व्यक्तियों में से सत्यम कुशवाहा के आई गहरी चोट आ गई जिससे राहगीरों द्वारा घायलों को उपचार हेतु प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस आनन फ़ानन मे घटना स्थल पर पहुंची और घायलों के बारे में जानकारी की और घायलों का हाल जानने अस्पताल पहुंची पुलिस जहां डॉक्टरो ने घायलों का उपचार करने के बाद उनकी हालत मे सुधार बताया

प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन लोग घायल हुए घायलों मे सद्दाम खा निजाम खा प्रेमकुमार (मम्मू) के मामूली चोटे आई घटना सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे कैलिया थानाअध्यक्ष अतुल कुमार राजपूत अपनी कार से पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे थानाध्यक्ष अतुल कुमार का कहना है ट्रक और ट्रक ड्राइवर को कब्जे में लेकर पूछताछ की जा रही है पीड़ित की तहरीर आते ही विधिक कार्यवाही की जाएगी पूरा मामला कैलिया थाना क्षेत्र ग्राम देवगांव और खैरी के बीच का है।

# हम नहि शिव संग गौरी बियाहब वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विद्यापतिधाम में शिव विवाह महोत्सव हुआ सम्पन्न

**लोकतंत्र की आबाज**

**समस्तीपुर/विद्यापतिनगर।** भक्त महाकवि विद्यापति व भगवान भोले शंकर की मिलन स्थली विद्यापतिधाम उगना महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर भक्तों के आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। बुधवार की मध्य रात्रि मंदिर परिसर में अवस्थित विवाह मंडप में वैदिक रीति रिवाज व धार्मिक अनुष्ठान के बीच शिव–पार्वती विवाह संपन्न हुआ। जहां शिव विवाह गीतों व नचारी की भक्तिमय प्रस्तुति के बीच आयोजित शिव–पार्वती विवाहोत्सव के दौरान जैसे ही भगवान भोलेशंकर के प्रतिरूप ने जगत जननी माता पार्वती के प्रतिरूप के गले में वरमाला डाला। देर रात शिव विवाह मंडप में भगवान शिव–माता पार्वती विवाहोत्सव सम्पन्न हुआ। जहां हजारों लोग इसके गवाह बने।



इस दरम्यान भगवान शिव के प्रतिरूप में राम चौरसिया व माता पार्वती के प्रतिरूप में दीपू कुमार गिरि ने एक दूसरे के गले में वरमाला डाल कर धार्मिक आस्था के प्रति उपस्थित लोगों का मान बढाया। तो बारात जुलूस में शामिल रहे श्रद्धालु भक्त गण, भूत–पिसाच, बसहा, नंदी, भगवान ब्रह्मा, विष्णु जी के प्रतिरूपों सहित अन्य लोगों का उत्साह वर्धन करते दिखे। इधर व्रती युवतियों व महिलाओं के जत्था ने गुरुवार की सुबह उगना महादेव मंदिर में विशेष रूप से पूजा–अर्चना कर मंगलमय व सुखमय जीवन की कामना की।

कन्या पार्वती की माँ मैना देवी की भूमिका में स्थानीय सरिता देवी ने दूल्हा परीक्षण किया। विवाह के मंत्र विद्वान पंडित शम्भूनाथ झा ने पढ़े। बारात का स्वागत विद्यापति परिषद अध्यक्ष व पूर्व मुखिया गणेश गिरि कवि, चतुरानंद गिरि, नवल गिरि आदि ने किया। सुरक्षा व्यवस्था की पुख्ता इंतजाम किया गया था। सुरक्षा के लिए तैनात राजस्व अधिकारी अरुण कुमार शर्मा व थानाध्यक्ष फिरोज आलम के नेतृत्व में एसआई मोनू राय, पिंकी, सरिता कुमारी, एएसआई राकेश कुमार स्मारक चौक से स्टेशन से स्मारक चौक तक पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।